वर्ष-12 , अंक-30 प्रयागराज, रविवार 28 जुलाई 2024 से शनिवार 03 अगस्त 2024 तक — पृष्ठ- 8 मूल्य: 3 रूपये

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

हिन्दी साप्ताहिक

आधुनिक समाचार नेटवर्क

Download From

Adhunik Samachar

नगर संस्करण

12 वर्ष विश्वास के


# आई.टी.आई में सीधे प्रवेश

# NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE

(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन




नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन भारत सरकार द्वार मान्यता प्राप्त नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र प्रवेश कार्यालय का सिविल डिफेंस प्रयागराज के मंडल अधिकारी रौनक गुप्ता के द्वार किया गया प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने बताया कि प्रयागराज मे न्यूनतम शुल्क मुझे प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। यहां इंडस्ट्रियल विजिट सेमिनार, ग्रुप डिस्कशन, आदि कराया जाता है जिसे प्रशिक्षणार्थियो का सर्वांगिन विकास होता है. केंद गुणवत्ता परिषद द्वारा स्टार ग्रेडिंग प्राप्त है. केंद्र के कंप्यूटर शिक्षक रोहित शुक्ल ने बताया कि सरकार द्वार छात्रवृत्ति एवं टैबलेट की सुविधा उपलब्ध है प्रशिक्षणार्थियो को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है. मुख्य अतिथि ने नवीन प्रवेशार्थियो का स्वागत एवं उज्जवल भविष्य की कामना की अंतरराष्ट्रीय स्तर का है प्रयागराज नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण के द्-रौनक गुप्ता.इस अवसर पर निरीक्षक विजय पांडे, रोहित शुक्ला, सचिन श्रीवास्तव, मोहम्मद कौसर, प्रदीप जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहे।




## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र.के छात्र रेलवे में चयनित



नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद के चार छात्रो का सिकंदराबाद मे रेलवे में चयनित होने पर संस्थान परिवार ने बधाई दी है। प्रयागराज करछना तहसील के नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद के चार छात्रों का रेलवे के धारा रेल प्रोजेक्ट सिकंदराबाद मे चयन होने से विद्यालय प्रबंधतंत्र द्वारा छात्र का सम्मान एवं अभिनन्दन किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने इन छात्रो का समारोहपूर्वक अभिनंदन एवं सम्मान करते हुये कहा कि यह विद्यालय के लिये गौरव की बात है।संस्थान के शिक्षक सदैव इस बात पर बल देते हैं कि छात्र अच्छा सीखे और अपने भविष्य को उज्ज्वल एवं सफल बनावें। उन्होंने भविष्य मे और मेहनत व लगन से अध्यापन व अध्ययन करने हेतु शिक्षकों और छात्रों का आह्वान किया। इस अवसर पर केक काटकर केंद्र का स्थापना दिवस भी मनाया गया।

## Admission Open 2024-25



श्री सत्यदेव दुबे (प्रधानाचार्य)
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भदोही



श्री सुजीत श्रीवास्तव (प्रधानाचार्य )
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नैनी, प्रयागराज



इं. अर्चना सरोज ( ट्रेनिंग एवं पलेसमेन्ट, अधिकारी
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खागा, फतेहपुर

- ★ C.O.P.A.
- ★ Fitter
- ★ Computer Teacher Training
- ★ Electrician
- ★ Fire Safety & Industrial Security
- ★ Repair of Refrigerator & A.C.
- ★ Welding Technology
- ★ Certificate in YOGA
- ★ Security Service
- ★ Computer Hardware& Maintenance

## Naini ITC Honored by U.P. State Industrial Association

*JEEVAN EXPRESS NEWS*

PRAYAGRAJ: A seminar was organized by Uttar Pradesh State Industrial Association on Friday. In which Naini Industrial Training Center was honored with a citation by the association's president Arvind Rai for providing high quality skilled workers. Mohammad Kausar received the honor from the Centre. On this occasion, all the entrepreneurs of Prayagraj including Arinnd Rai Sheetal Plastics, Anat Chandra Ventura Private Limited, BLKHN Engineering Works, S Shukla, Overseas Food Agro Private Limited, union officials and all the industrialists were present.



Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480


डाक पंजीयन नं. AD -99/2024-2026 - website:www.aadhuniksamachar.com – E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com आधुनिक समाचार

28.07.2024.pmd 1 7/27/2024, 1:58 PM




# सीडब्लूसी चेयरमैन की बर्खास्तगी का आदेश रद्द हाई कोर्ट ने कहा बर्खास्तगी आदेश एकतरफा, मनमाना और दुर्भावनापूर्ण

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बाल कल्याण समिति (सी डब्लू सी) प्रयागराज के अध्यक्ष डॉ अखिलेश कुमार मिश्रा की बर्खास्तगी का आदेश रद्द कर दिया है। कोर्ट ने बर्खास्तगी आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुनाते हुए कहा कि बर्खास्तगी का आदेश बिना किसी विधिक आधार के, मनमाना और दुर्भावनापूर्ण तरीके से पारित किया गया है।बर्खास्तगी आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने यह आदेश दिया। याची अखिलेश मिश्रा का पक्ष रख रही अधिवक्ता सुभाष राठी का कहना था कि समाचार पत्रों में जगवंती देवी बाल गृह में अंतः वासियों के शारीरिक और यौन उत्पीड़न को लेकर एक समाचार प्रकाशित हुआ। जिसे लेकर यांची पर मीडिया को सूचनाओं को लीक करने का आरोप लगाया गया। इसे



लेकर जिलाधिकारी द्वारा गठित दो सदस्य की जांच कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर 1 नवंबर 2022 को उनको बर्खास्त कर दिया गया। बर्खास्तगी आदेश पारित करते समय पॉस्को एक्ट के प्रावधानों का पालन नहीं किया गया। जिसके अनुसार अध्यक्ष के विरुद्ध कार्रवाई शासन द्वारा गठित समिति की जांच रिपोर्ट के बाद ही की जा सकती है। याची ने जारी नोटिस का जवाब भी दिया था मगर उस पर विचार नहीं किया गया। उनको जांच रिपोर्ट भी उपलब्ध नहीं कराई गई और न पक्ष सुना गया। हाई कोर्ट ने इस मामले में अखिलेश मिश्रा को अंतरिम राहत देते हुए बर्खास्त की आदेश पर पहले ही रोक लगा रखी थी। फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने कहा कि सभी तथ्यों के अवलोकन से स्पष्ट है कि याची के खिलाफ एकतरफा कार्रवाई की गई है। बर्खास्तगी आदेश पारित करने में ना तो नियमों का पालन किया गया और ना ही यांची को उसका पक्ष रखने का अवसर दिया गया। कोर्ट ने बर्खास्तगी की कार्रवाई को एकतरफा, मनमाना और बिना किसी विधिक आधार के करार देते हुए रद्द कर दिया है।

# डॉक्टर आकांक्षा पाल साहित्य के क्षेत्र में मील का पत्थर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।**साहित्य कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में सदैव सजग रहकर साहित्यकारों एवं रचनाकारों को प्रोत्साहित करने वाली संस्था शहर समता द्वारा प्रयागराज में देश भर से आए हुए साहित्यकारों को सम्मान कर साहित्य के संवर्धन एवं भारतीय संस्कृति में साहित्य के योगदान हेतु काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए जहां देशभर की कई रचनाकारों को सम्मानित किया गया वहीं प्रयागराज से संस्था की जिलाअध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार एवं सीएमपी डिग्री कॉलेज की अतिथि संगीत प्रवक्ता डॉ आकांक्षा पाल को शहर समता गौरव सम्मान 2024 से नवाजा गया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार सुमन ढींगरा को महिला श्री साहित्य साधना सम्मान से नवाजा गया सम्मान समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार श्री प्रकाश मिश्रा ने की श्री उमेश श्रीवास्तव के निर्देशन में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। हाल में ही डॉक्टर आकांक्षा पाल त्रिवेणी रतन सम्मान, मातृशक्ति सम्मान तथा साहित्य दीप सम्मान से भी अलंकृत की जा चुकी है इस उपलब्धि पर यमुना पार कलाकार संघ के अध्यक्ष प्रियांशु श्रीवास्तव ने आकांक्षा पाल के आवास पर पहुंचकर उन्हें पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की प्रियांशु ने कहा कि ऐसे साहित्यकारों का होना हिंदी साहित्य के पुनर्जागरण में मां भारती को एक वरदान है तथा ऐसे सशक्त हस्ताक्षरों के माध्यम से पूरे विश्व में हिंदी साहित्य का बोलबाला पुनः होगा।



# ्यूटी जा रहे शिक्षक की बाइक फिसली गंभीर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** रायपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह प्राथमिक विद्यालय नगवा अपने ड्यूटी में जा रहे शिक्षक की बाइक अचानक खराब सड़क फिसल गई जिसमें गंभीर चोटे आई एंबुलेंस को फोन किया पर नहीं पहुंची अन्य शिक्षकों को फोन किया गया वे लोग फ़ौरी तौर पर जिला अस्पताल ले आए यहां पर काम प्रारंभिक उपचार के बाद वाराणसी ट्रामा सेंटर के लिए रेफर



आनन फानन में आसपास के लोगों द्वारा जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार सोमित सोनी 35 गड़वान प्राथमिक विद्यालय नगवा में शिक्षक है बाइक से स्कूल जा रहे थे करीब 9.30 बजे के पास पपड़हवा मोड़ के पास बाइक से फिसल गए जिससे गंभीर चोटें आई है वहां पर मौजूद लोगों ने कर दिया गया। वही राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सोनभद्र के जिला महामंत्री इंदु प्रकाश सिंह ने बताया कि सोमित को गंभीर चोटे आई है उन्हें वाराणसी ले जाया जा रहा है खबर सुनते ही संयुक्त महामंत्री रविकांत मौर्य दिलीप पाठक, कृष्णकुमार संजीव आदि अध्यापक हॉस्पिटल में उपस्थित रहे।

# किसान यूनियन ने सौंपा ज्ञापन




**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**फूलपुर।** किसान यूनियन टिकैत गुट की पंचायत सहसों ब्लॉक में लगाई गई और अपनी मांगों के समर्थन में किसानों के साथ बैठक करते हुए मांग पत्र एसडीएम फूलपुर के प्रतिनिधि बीडीओ सहसों देव कुमार तथा उनके साथ आर आई, लेखपाल तथा थाना थरवई से पुलिस भेजा गया था। हम लोगों ने मांग पत्र सौंपते हुए पाली के पटेल बस्ती में बहू बेटियों व ग्रामीण के आवागमन का रास्ता बनाए जाने का मांग किया था। जिसे तीन दिन में पूर्ण करना था। परंतु ग्राम सभा के कुछ लोगों के विरोध के चलते नहीं बन पाई थी। उसका मौके पर निरीक्षण किया।

# उम्मीदों और अरमानों का चला बुलडोजर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**फूलपुर।** तहसील परिसर की भीड़ और आए दिन की किच-किच से अधिवक्ता एवं वादकारी सभी त्रस्त थे। हर कोई पीडि़त यह चाहता था परंतु मैने आम जन की पीड़ा महसूस करते हुए संघ परिवार के साथ यह कदम उठाया है। जिसमें मुझे तहसील प्रशासन का अच्छा सहयोग मिला। शुक्रवार को खाली कराई जमीन की



कि तहसील प्रांगण की भीड़ कम हो क्योंकि वाहन ठेकेदार किसी को सेटता नहीं था। सबसे भिड़ जाता था। बहरहाल संतोष का फल मीठा होता है जो आज शुक्रवार को सबके समक्ष प्रकट हुआ। संघ अध्यक्ष शिवपूजन तिवारी ने कहा कि कोई यहां रहने या आजीवन अध्यक्ष पद पर बने रहने हेतु नहीं आया है। समतलीकरण के बाद कटीले तार से घेर कर वाहन पार्किंग हेतु दे दिया जाएगा। इन सब कामो हेतु वर्तमान एसडीएम तपन मिश्रा का अच्छा योगदान रहा। संघ के अन्य पदाधिकारी ने कहा कि किसी शोहरत के लिए यह नेक कदम नहीं उठाया गया। बल्कि आम जन की पीड़ा ने हमें झकझोर कर रख दिया था।


# प्रसार निदेशालय, शुआट्स, प्रयागराज मे उप कृषि निदेशक प्रसार सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा पांच दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यकम सम्पन्न

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** प्रसार निदेशालय, शुआट्स, प्रयागराज मे उप कृषि निदेशक प्रसार, सोनभद्र द्वारा



प्रायोजित सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेशन आत्मा योजनान्तर्गत पांच दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यकम जनपद सोनभद्र के चतरा, नगवां तथा रार्बट्सगंज विकास खण्ड के कृषकों का दिनांक 27.07.2024 को सभागार, प्रसार निदेशानलय मे सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यकम के समापन समारोह मे मुख्य अतिथि निदेशक विकास, शुआट्स प्रयागराज प्रो0 (डा0) रीतू प्रकाश दूबे ने कृषकों को विभिन्न फसलों के उत्पाद से मूल्य संवर्द्धन व प्रसंस्करण पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होने रागी, ज्वार, बाजरा, मक्का, के आटा को अपने खाद्यान्न मे विभिन्न प्रकार से सम्मिलित करते हुए कहा कि इन मिश्रित आटों से बिस्कुट, लड्डू, हलुआ, पंजीरी एवं विभिन्न तरीके से प्रयोग करके अति सूक्ष्म पोषक त्तवों (ऑयरन, जिंक, प्रोटीन, इत्यादि) के अभाव को किसान भाई सदुपयोग कर सकते है। इस अवसर पर निदेशक प्रसार डा0 प्रवीन चरन ने अपने संबोधन के दौरान कृषकों को बताया कि अपने वन्य क्षेत्र एवं खाली खेतों मे जहां फसल की उपज न लेते हो वहां पर बांस की विभिन्न प्रजातियों को रोपण करें इसकी उपयोगिता दिन-प्रतिदिन बढती जा रही है एवं बाजार मे मूल्य वृद्धि भी हो रही है तथा बांस को प्रसंस्करण के रुप मे अचार तथा अन्य उत्पाद तैयार किये जा रहे है और एक अच्छा मूल्य आर्थिक दृष्टिकेण से कृषक से भाई प्राप्त कर सकते है। उन्होनें बताया कि इस विश्वविद्यालय द्वारा विकसित की गयी तकनीकियो का लाभ भी कृषक भाई उठा रहे हैं जिससे उन्हें कृषि कार्यो में आसानी से कम लागत व अधिक गुणवत्तापूर्ण उत्पादन प्राप्त हो रहा है। उन्होने कृषकों को पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम में प्रतिभाग करने के लिए बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। निदेशक प्रसार ने प्रशिक्षण मे प्रतिभाग कर रहे कृषकों को प्रमाण-पत्र एवं प्रशिक्षण साहित्य प्रदान किया इस दौरान संयुक निदेशक प्रसार डा0 अरुण कुमार चौरसिया ने कृषकों को बीज उत्पादन मे बीजों के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि उच्च गुणवत्ता वाला बीज सामान्य बीज की अपेक्षा 20-25 प्रतिशत अधिक उत्पादन देता है। प्रशिक्षण समन्वयक डा0 टी0डी0 मिश्रा के द्वारा मुख्य अतिथि एवं कृषकों को धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यकम का समापन किया गया कायकम समापन अवसर पर समन्वयक डा0 अरुण यादव, डा0 योगेश चन्द्र श्रीवास्तव, डा0 शिशिर कुमार, डा0 सरवेन्द्र कुमार, डा0 मदन सेन सिंह, डा0 शैलेन्द्र कुमार सिंह, व प्रसार निदेशालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।









# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ ने किया विरोध

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र शुक्ला के नेतृत्व मे 10 सूत्रीय मांगो लखनऊ जाने की भी बात कही गयी उक्त अवसर पर सुनील श्रीवास्तव, डॉ विनोद, डॉ प्रशांत शुक्ला,दिनेश सिंह, विमल सिंह,पुनीता, तब्बसूम, अंकिता, गुड्डी, श्वेता, सपना, राहुल पाण्डेय,



को लेकर पुरे जनपद के समस्त संविदा कमिर्यों ने काला फीता बांधकर कार्य करते हुए शांति पूर्वक सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया कल भी जनपद सहित पूरे प्रदेश मे शांति पूर्वक कार्य करते हुए प्रदर्शन किया जायेगा मांगे न माने जाने पर समस्त संविदा कर्मी संगठन द्वारा जारी समस्त कार्यक्रमों को जनपद मे पूरी तरह से सफल करेंगे एवं संगठन हित मे 7 अगस्त को अवनीश मिश्रा, पूजा, मंजू, अखिलेश सिंह, अभिमन्यु राय, रामनिवास यादव, राधेलाल सहित सैकड़ो डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ , कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर, बी पी एम यू यूनिट, एन टी ई पी स्टाफ, फार्मासिस्ट, लैब तकनीशियन, ए एन एम, स्टाफ नर्स सहित स्वास्थ्य विभाग मे कार्यरत समस्त कमिर्यों ने प्रतिभाग किया।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए किया गया पौधारोपण

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** सदर तहसील के अंतर्गत करकी ग्राम पंचायत के बसदेवा स्थित आश्रम पर ज्योतिष विद देवेश मिश्रा गुरुजी के नेतृत्व में पौध रोपण अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार/ समाजसेवी अजय शेखर एवं सेवानिवृत्ति उप बेसिक शिक्षा अधिकारी राम श्रृंगार मिश्रा द्वारा फलदार पौधा लगाकर अभियान की शुरुआत की गई।मुख्य अतिथि ने कहा कि पेड़ो की संख्या तेजी से घट रही है और तापमान भी तेजी से बढ़ रहा है। जैसे इस वर्ष गर्मी में दिल्ली में 53 डिग्री से भी ऊपर तापमान देखने को मिला जो अच्छा संकेत नहीं है। यदि हम सभी लोगों ने अभी नहीं चेता तो आने वाला समय बहुत ही भयावह होगा। इसलिए इस गंभीर विषय पर हम सभी को सोचना चाहिए और कम से कम हर मानसून एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। वही सक्षम संगठन के काशी प्रांत के उपाध्यक्ष नारायण सिंह एंव शिक्षाविद कृष्ण कांत त्रिपाठी ने कहा की निश्चय ही यह एक सराहनी पहल है जिससे हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने परिवार जनों के नाम पर हर मानसून कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए।जो कल एक बड़े पेड़ का रूप ले सके और हमें ऑक्सीजन और छांव दे सके। वही कार्यक्रम के आयोजक देवेश मिश्रा गुरुजी ने सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया और जनपद वासियों से इस मानसून अधिक से अधिक पौधरोपण करने की अपील की। उक्त अवसर पर समाजसेवी हेमराज पाण्डेय,सीपी पटेल समते ग्रामीण उपस्थित रहे।



# जिला पार्टी कार्यालय पर संविधान मान स्तंभ दिवस मनाया गया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के निर्देशानुसार जिला पार्टी कार्यालय सोनभद्र पर संविधान मान स्तंभ दिवस मनाया गया जिसकी अध्यक्षता पार्टी जिला अध्यक्ष राम से जिनको संख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व नहीं था, उनको आरक्षण देने देना था अर्थात बहुजन समाज को राजनीतिक जमात बनाने हेतु उनमें से ही प्रशासक वर्ग निर्माण करना था।इसमें महात्मा ज्योतिराव फुले जी का अधूरा काम राजश्री छत्रपति ।संविधान और आरक्षण खत्म करने का खतरा अभी टला नहीं है। जनता के संकल्पित प्रयास से संविधान विरोधीयो को माफ देने का सिलसिला रुकने वाला नहीं । हम सब लामबंद होकर नफरत का खेल खेलने वालों को सफल नहीं होने देंगे। अखिलेश




निहोर यादव ने किया और संचालन जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी ने किया । संविधान मान स्तंभ दिवस को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी आज संविधान मान स्तंभ की स्थापना करके आरक्षण का अधिकार दिवस मना रही है । पीडीए को अधिकार तब ही मिलेंगे जब उचित रूप से आरक्षण का हक सबको मिलेगा । संविधान और आरक्षण को बचाने के लिए समाजवादी पार्टी प्रतिबद्ध है। आरक्षण के संकल्पना महात्मा ज्योतिराव फुले जी की है । ज्योतिराव फुले जी का उद्देश्य सभी को संख्या के अनुपात में आरक्षण देना था । आज के दिन 26 जुलाई सन 1902 को राजषि छत्रपति शाहूजी महाराज ने अपने संस्थान में आरक्षण का अमल शुरू किया । बाबा साहब ने आरक्षण को संवैधानिक दर्जा 26 जनवरी 1950 को दिया । उनका उद्देश्य हजारों सालों शाहूजी महाराज ने अपने करबीर अर्थात कोल्हापुर संस्थान में पूरा किया और महात्मा ज्योतिबा फुले और राजश्री छत्रपति शाहूजी महाराज का अधूरा काम बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी ने भारतीय संविधान में आरक्षण की व्यवस्था करके पूरा किया । आज भाजपा सरकार निजीकरण करके, नौकरियों में आरक्षण का अमल न करके इसे समाप्त कर रही है । यह सरकार युवाओं को नौकरियां भी सिर्फ इसलिए नहीं दे रही है जिससे कहीं आरक्षण न देना पड़ जाए और दलित, पिछड़े वंचितो को उनका हक नाश मिल पाए । समाजवादी पार्टी सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबंध है । पार्टी का मानना है कि जाति के आधार पर जनगणना हो ताकि समानुपातिक आधार पर सबको सम्मान और हक हासिल हो सके । डॉ0 राम मनोहर लोहिया में सबके विकास के लिए पिछड़ों को विशेष अवसर दिए जाने की मांग उठाई थी यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी का वैचारिक संघर्ष जारी रहेगा । समाजवादी लोग पीडीए की लड़ाई अनवरत जारी रखेंगे । आज समाजवादी पार्टी अपने सभी कार्यकर्ताओं में संविधान मान स्तंभ की स्थापना कर रही है । इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष विजय यादव देवमणि शुक्ला अनिल प्रधान अशोक पटेल त्रिपुरारी गुलाम यासीन सरदार परब्रह्म सिंह गोविंद कुमार विष्णु कुशवाहा बच्चा राम जयप्रकाश मौर्य अमरजीत पंकज अभिषेक के पेबारु लालू भारती सुरेंद्र यादव नीतीश पटेल भूपेंद्र शाह केडी सिंह पटेल सत्यम पांडे बबलू धागर बाबू हाशमी श्याम बिहारी जायसवाल आदिल अंसारी रामेश्वर भाई पटेल सील राय जगत पटेल अमित कुमार जायसवाल फारूक अली जिलानी शाहबाज जितेंद्र कुमार राधेश्याम साहब लाल समीर अंसारी लोकपति सिंह पटेल शिवम यादव विपिन बृजेश राजेश मोनू के साथ दर्जनों लोग उपस्थित ।

# 53 मरीजों की जांच हुई जिन्हें चश्मा एवं दवा मुफ्त दिए गए

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** लायंस क्लब राबर्ट्सगंज द्वारा निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन प्रत्येक माह की 26 तारीख को लायंस भवन में श्रीसद्गुरु नेत्र चिकित्सालय,चित्रकूट के सहयोग से आयोजित किया जाता है, कैम्प लायंस भवन में होता है,इस बार आज 26 मई को डॉ0संतोष यादव,मैनेजर हेमराज यादव के नेतृत्व में आई टीम ने मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए 30 मरीज चित्रकूट भेजे गए। अध्यक्ष राधिका सिंह, सचिव कल्पना केशरी, कोषाध्यक्ष परमजीत कौर,पूर्व मंडलाध्यक्ष हरीश अग्रवाल, किशोरी सिंह, विमल अग्रवाल, रीजन चेयरपर्सन दया सिंह, मुकेश जायसवाल, जयकुमार केसरी,श्याम बाबू आदि सदस्य उपस्थित रहकर कार्यक्रम को संपनन्‍कराएं। 46 मरीजों को निःशुल्क चश्मा दिया गया,दवा दी गई। जिसमें 26 मई 2024 तक 2480 मोतियाबिंद के मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन हो चुका हैं, 2152 मरीजों की जांच हो चुका है। निरीक्षण,दवा और चश्मा वितरण हुआ। किशोरी सिंह ने कहा कि आज के आयोजन में 30 मोतियाबिंद के मरीजों को ऑपरेशन के लिए चित्रकूट भेजा गया,हरीश अग्रवाल, राधिका सिंह, कल्पना केशरी, परमजीत कौर, विमल अग्रवाल, किशोरी सिंह,दया सिंह ने संयुक्तरुप से कहा कि यह पुनीत कार्य लायंस क्लब द्वारा कई वर्षों से किया जा रहा है, निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में आज तक हुए सभी ऑपरेशन शत-प्रतिशत सफल रहे । 53 मरीजों की जांच हुई जिन्हें चश्मा एवं दवा मुफ्त दिया गया। लायंस क्लब राबर्ट्सगंज निरंतर इस तरह की सेवा करता रहता है।



# बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत कर मनाया कारगिल दिवस

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** प्रकाश जीनियस पब्लिक इंग्लिश स्कूल में 26 जुलाई शुक्रवार जैन ने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए उन्होंने कहा कि हमारे देश के सैनिक कर्तव्य की राह पर चलकर



को विद्यालय परिसर में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं के द्वारा भाषण दिया गया । छोटे-छोटे बच्चों ने भारतीय सैनिकों की वेशभूषा में सैनिकों द्वारा उनकी बहादुरी एवं अदम्य साहस को प्रदर्शित किया इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद अपने प्राणों की आहुति दे दी हम सभी लोग हमेशा वीर जवानों के ऋणी रहेंगे ।विद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संतोष कुमार पांडे, प्रधानाचार्य सहित समस्त शिक्षक शिक्षकों एवं विद्यालय के समस्त कर्मचारियों के द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

# संस्कृति कार्यक्रम के साथ मनाया गया कारगिल विजय दिवस

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** कारगिल विजय दिवस 26 जुलाई कारगिल विजय दिवस राजा शारदा महेश इंटरमीडिएट कॉलेज सोनभद्र में इंटर मीडिएट कॉलेज के पाकिस्तान ने अतीत में जितने भी दुष्प्रयास किए उसे मुंह की खानी पड़ी है लेकिन पाकिस्तान ने अपने इतिहास से कुछ नहीं सीखा हैं वो आतंकवाद के सहारे अपने आप को प्रासंगिक




छात्रों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम कर कारगिल विजय दिवस के वीर शहीदों को नमन किया गया जिला अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा विशाल पांडे के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित हुआ जिला अध्यक्ष जी ने युवाओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा साथियों कारगिल में हमने केवल युद्ध नहीं जीता था हमने सत्य संयम और समर्थ का अद्भुत परिचय दिया था आप जानते हैं भारत समय उस समय शांति के लिए प्रयास कर रहा बदले में पाकिस्तान ने अपना अविश्वासी चेहरा दिखाया लेकिन सत्य के सामने असत्य और आतंकी हार हुई साथियों बनाए रखने का प्रयास कर रहा है पाकिस्तान को कहना चाहता हूं कि उनके नापाक मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता अध्यक्ष नगर पालिका रूबी प्रसाद सदर ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मवीर तिवारी मंच संचालन कर रहे जिला महामंत्री रजनीशरघुवंशी , विनय श्रीवास्तव शार्दुल विक्रम हीरेश कार्यक्रम संयोजक शिवम सिंह राजपूत आलोक पांडे उत्कर्ष पांडे राजा पांडे,मदन जिला मीडिया प्रभारी दिशान्त द्विवेदी पूर्व अध्यक्ष कृष्ण मुरारी गुप्ता जी बृजेश श्रीवास्त ।

## ग्रामीणों द्वारा सरसों रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग किया गया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**राजगढ़।** राजगढ़ विकास खंड के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र सरसो रेलवे स्टेशन पर ग्रामीणों ने एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग की। जिससे लोगों दिल्ली, मुंबई, गुजरात, लखनऊ आदि स्थानों पर जाने में सहूलियत मिल सके। ग्रामीणों को चुनार च मिर्जापुर रेलवे स्टेशन जाकर ट्रेन पकड़ना पड़ रहा है। लगभग 36 वर्ष पहले स्टेशन पर ट्रेन का ठहराव था। कुछ दिनों के बाद स्टेशन ही बंद हो गया। ज़न प्रतिनिधियों के अथक प्रयासों से दोबारा स्टेशन का नया निर्माण हुआ और बनकर तैयार हो गया। जो कि 28 जून को विभागीय तक मालगाड़ी ही रुकती है। जबकि उसका कोई मतलब नहीं। वहीं क्षेत्रीय ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव कराने की मांग की है। इस रूट पर त्रिवेणी एक्स्प्रेस, मूरी एक्स्प्रेस, इंटरसिटी चल रही थी, उससे जनता वाराणसी, चुनार आदि जगहों पर बाजार कर समय से वापस घर लौट जाते थे। इन ट्रेनों का ठहराव होने पर क्षेत्रीय जनता को मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, गुजरात, बाम्बे, दिल्ली आदि जगहों पर जाने के लिए सुविधा मुहैया हो जाएगी।

# कारगिल विजय दिवस देश के वीर सपूतों को याद करने एवं उनकी कुर्बानी को सम्मान देने का है -आशु

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य आशुतोष कुमार दुबे (आशु )के साथ लोगो ने चाचा नेहरू पार्क में कारगिल में शहीद वीर सपूतों ने अपने प्राण हंसते-हंसते भारत की शान में न्यौछावर कर दिए। आज का दिन देश के वीर सपूतों को याद करते हुए उनकी कुर्बानी को सम्मान देने का है।आशु दुबे ने कहा कि भारतीय सेना ने दुनिया के सामने कि कारगिल विजय दिवस समाज के लिए एक सिख है जो यह बताता है कि देश के ऊपर कोई नहीं हैं , शादाब आलम ने कहा कि बॉर्डर पर जवान जब लड़ता है तो उसके सामने केवल देश रहता है और वह अपने परिवार



हुए वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दिया और उनको याद भी किया आशु दुबे ने कहा कि यह कहना कट्टे भी गलत नहीं होगा- हमने सदियों में ये आज़ादी की नेमत पाई है, सैकड़ों कुर्बानियां देकर ये दौलत पाई हैठ आज 26 जुलाई पूरे भारत में 'कारगिल विजय दिवस' के रूप में मनाया जाता है। यह वही दिन था जब देश के वीर सपूतों नें पाकिस्तानी सेना के जवानों को कारगिल से खदेड़कर दुर्गम चोटियों पर दोबारा तिरंगा फहराया था। यह दिन हर भारतीय नागरिक के लिए गर्व का दिन है। साथ ही इस दिन हमें उन शहीदों को भी नमन करना चाहिए, जिसकी वजह से आज भी कारगिल हमारा है।इस युद्ध में कई अपने शौर्य और पराक्रम के कई प्रतीक स्थापित किए है। 1999 में जब पाकिस्तान की सेना चोरों की तरह भारत के कारगिल में घुस आई थी और दुर्गम चोटियों से हमले कर रही थी। तो डरने और भागने के बजाय इंडियन आर्मी ने अपने अदम्य साहस का परिचय दिया। इस जंग में कई वीरों ने शहादत ली, लेकिन भारत मां पर कोई आंच नहीं आने दी। 26 जुलाई 1999 को भारत और पाकिस्तान के बीच मई से लेकर जुलाई तक चलने वाले युद्ध में भारत की जीत हुई और भारतीय सेना का ऑपरेशन विजय भी सफल रहा है। इसलिए इस दिन को विजय दिवस भी कहा जाता है। कांग्रेस नेता श्रीकांत मिश्रा ने कहा की चिंता छोड़कर देश की रक्षा पर अपने प्राण भी न्यौछावर कर देता है ,ओम प्रकाश राम ने कहा कि सभी देशवासियों को आज के दिन सेना का सम्मान जरूर करना चाहिए क्योंकि आज हम उनकी वजह से ही देश के अंदर सुरक्षित है ,युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सूरज वर्मा ने कहा कि देश का नौजवान देश की ताकत है वह चाहे बॉर्डर पर हो या कहीं हो जब देश की बात आती है तो अपने प्राणों की चिंता नहीं करता ।मुख्य रूप से उपस्थित रहने वालों में अंशु मद्धेशिया ,सोनू खान, सुशील कुमार ,दिनेश कुमार, रोहित, राजकुमार चंद्रवंशी, श्यामलाल विश्वकर्मा ,रामचंद्र, लक्ष्मण, सोनू रहे ।

# सावन की पहली ही बारिश में तालाब में बदल गया विंध्याचल का पुराना वीआईपी मार्ग आदर्श दुबे

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मिर्जापुर।** मिर्जापुर में सीएम योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट विंध्य कॉरिडोर के निर्माण के दौरान भक्तों की सुविधा के साथ ही भव्यता और दिव्यता पर विशेष ध्यान रखने पर जोर दिया गया है। जिस पर कार्यदायी संस्था के काबिल इंजीनियरों ने किस कदर भरपूर ध्यान रखा उसका नजारा गुरुवार की बारिश से नज़र आया। पुरानी वीआईपी मार्ग पर विंध्य परिपथ तलैया में तब्दील हो गया। मार्ग पर लगे पानी के बीच बच्चे साइकिल चलाते हुए मस्ती करते नज़र आए। जो कैमरे में कैद होने के साथ ही प्रशनें की पिटारी छोड़ गया। विंध्य पर्वत पर माता विंध्यवासिनी मंदिर करीब 331 करोड़ की लागत से बना विंध्य कॉरिडोर का कार्य लगभग पूर्ण होने को हैं। डीएम ने गठित टीम के माध्यम से जांच कराकर हस्तांतरित किए जाने की प्रक्रिया को पूरा करने का आदेश दिया है। गुरुवार को आदेश देने के बाद उसी दिन हुई बरसात ने निर्माण कार्य में बरती गई। लापरवाही की पोल खोलकर रख दिया। जरा सी अनदेखी हर बरसात में काबिलियत पर अंगुली उठाता रहेगा। विंध्य पर्वत पर विराजमान माता विंध्यवासिनी के मन्दिर के लिए किसी भी मार्ग से प्रवेश करने पर चढ़ाई चढ़नी पड़ती है। पुरानी वीआईपी मार्ग पर बरसात के दौरान जमा पानी लोगों के लिए एक नई पहेली के साथ ही मुसीबत छोड़ गया। मां के धाम में जाने वाले मार्ग पर लगे गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ेगा। विंध्य कॉरिडोर के स्थानांतरण के पूर्व जल निकासी के साथ ही अंडरग्राउंड बिजली वायरिंग में खामियां सामने आ रही है। स्थानीय नागरिकों ने मानक के विपरीत कार्य करने का आरोप लगाया है।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के चुर्क नगर इकाई का हुआ गठन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सोनभद्र जिला की चुर्क नगर इकाई की घोषणा नगर के नव ज्योति इंटर कालेज में संपनन्‍ हुई जिसमे डा. पीके वर्मा को नगर अध्यक्ष एवं सत्यम सिंह को नगर मंत्री निर्वाचित किया गया। इकाई गठन का कार्यक्रम कुल 2 सत्रों में संपनन्‍ हुआ। इस दौरान चुनाव अधिकारी अमित देव पांडेय ने नवीन इकाई की घोषणा की एवं कहा की जो राष्ट्र के पुनर्निर्माण हेतु हेतु सतत प्रयतन्शील है। अभाविप पूर्व योजना पूर्ण योजना के सिद्धान्त के आधार पर कार्य करता है और अपने कार्यों को करने के पूर्व वह सर्व प्रथम उसकी योजना रचना करता है। और विद्यार्थी परिषद समाज के प्रति अपने समर्पण भाव के लिए जाना जाता है तथा वर्ष भर छात्रहित, समाजहित, एवम देशहित में कार्य करने वाला संगठन है। प्रवासी कार्यकर्ता प्रांत जनजाति कार्य संयोजक मनमोहन निषाद ने कहा की अभाविप काशी प्रांत ने परिसरों को जीवंत बनाने एवं परिसर संस्कृति को पुनर्स्थापित करने हेतु अभाविप द्वारा देशव्यापी मुहिम ङ्कपरिसर चलो अभियानङ्क चलाया, इसी के निमित्त अभाविप काशी प्रांत द्वारा ठपरिसर चलो रथठ के माध्यम से जागरूकता अभियान चला कर विद्यार्थियों को परिसर जाने हेतु प्रेरित किया गया। ठपरिषद चलो यात्राठ के अंतर्गत सोनभद्र स्थित दुद्धी तथा अमेठी से रथ निकाला गया । दुद्धी से चलाया गया रथ चंदौली, मिर्जापुर, गाजीपुर, भदोही तथा जौनपुर से होते हुए एक सप्ताह में काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वहीं अमेठी से यात्रा आरंभ हो कौशांबी, प्रतापगढ़ और सुल्तानपुर से होते हुए इलाहाबाद विश्वविद्यालय में समापन हुआ। इस दौरान प्रांत सोशल मीडिया संयोजक अनमोल सोनी प्रांत कार्यकारिणी सदस्य सदर तहसील संयोजक राहुल जालान चुर्क नगर मंत्री सत्यम सिंह, नगर सह मंत्री शिवम यादव, जयदीप पटेल, रणजीत महतो, अखिलेश यादव, सत्यम एवं नगर के समस्त प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहें।




# राष्ट्रीय नव निर्माण सेना ने जर्जर सड़क तेलगुडवा कोन कचनरवा मार्ग निर्माण से संबंधित ज्ञापन खनिज विभाग को सौंपा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।**राष्ट्रीय नवनिर्माण सेना के अवगत कराया कि तेलगुड़वा से लेकर कोन, कचनर वा विंढमगंज तक की



राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद पटेल दयालु के नेतृत्व में एक महीने से लगातार तेलगुड़वा से लेकर कोन ,कचनरवा रोड़ बनाने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम में संघर्ष समिति ने ज्ञापन के माध्यम से सड़क 13 वर्षों से नहीं बनी है जिसमें लाखों लोगों का आवागमन होता है जो कि आस पास के क्षेत्रों में बालू , पत्थर उपलब्ध है और वहीं बात करें अल्ट्राटेक कंपनी की तो उक्त कम्पनी के सी एस आर के मद से भी कुछ दूरी तक रोड बनाया जा सकता है और वहीं दूसरी ओर बालू खनन विभाग का खनिज निधि में अरबों रुपए डम्प् पड़ें हैं अगर इस निधि का उपयोग सड़क निर्माण में कराया जाय तो जनहित के लिए सराहनीय कदम होगा ।इसी क्रम में बतातें चले कि तेलगुडवा कोन कचनर वा विंढमगंज रोड झारखंड राज्य से जुड़ा है इस मार्ग से हजारों लोगों को जान जोखिम में डालकर जिला मुख्यालय , तहसील समेत वाराणसी आदि शहरों में आवागमन होता है फिर यह रोड नहीं बन पाना एक सबसे बड़ा सवाल खड़ा कर दे रहा है इस संबंध में राष्ट्रीय नव निर्माण सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद पटेल दयालु के द्वारा मा.उपजिलाधिकारी महोदय को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया था जिसके क्रम में माननीय द्वारा माननीय जिलाधिकारी महोदय को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया था साथ ही माननीय जिलाधिकारी महोदय को पत्र प्रेषित करते हुए लिखा है कि दिनांक 7 जुलाई 2024 को राष्ट्रीय नवनिर्माण सेना द्वारा तेलगुड़वा से लेकर कोन कचनरवा तक की रोड बनाओ संघर्ष समिति का गठन किया गया था कि जब तक रोड नहीं बनेगी तब तक संघर्ष जारी रहेगा। उपरोक्त निर्माण के क्रम में क्रमशः 7 जुलाई 2024 को प्रथम चरण में तेलगुड़वा में हस्ताक्षर अभियान , 14 जुलाई 2024 को कोन में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसमें सैकड़ो लोगों ने अपना हस्ताक्षर किया इसके बाद 16 जुलाई 2024 को सोनभद्र के जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया।

# देश/विदेश





मेरा देश भारत

## संक्षिप्त समाचार

### अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा करेगा इसरो का एक गगनयात्री

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में भारत जल्द ही अपना पहला अंतरिक्ष यात्री भेजेगा। जी हां, लोकसभा में एक सवाल के जवाब में केंद्रिय मंत्री जितेंद्र सिंह ने इसकी जानकारी दी है। सिंह ने बताया कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का एक



गगनयात्री अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा करेगा। अगस्त में अंतरिक्ष स्टेशन भेजने का है प्लान दरअसल, इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए इसरो और नासा एक संयुक्त मिशन पर काम कर रही है। इसरो, नासा और एक प्राइवेट कंपनी एक्सिओम स्पेस का यह एक सयंक्त मिशन होगा। हाल ही में, इसरो ने इस संयुक्त मिशन के लिए एक्सिओम स्पेस के साथ एक अंतरिक्ष उड़ान समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। चौथा निजी अंतरिक्ष यात्री मिशन अगस्त 2024 में फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया जा सकता है।आईएसएस मिशन के लिए चुने गए गगनयात्री चार भारतीय वायुसेना पायलटों में से एक होगा जिन्हें गगनयान मिशन के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसरो द्वारा गठित अंतरिक्ष यात्री चयन बोर्ड ने चार अंतरिक्ष यात्रियों को चुना था। ये सभी चार अंतरिक्ष यात्रियों ने महामारी के दौरान रूस में अंतरिक्ष उड़ान के बुनियादी मॉड्यूल पर ट्रेनिंग लिया था। मंत्री ने बताया कि वर्तमान में भारतीय अंतरिक्ष यात्री गगनयान मिशन के लिए बेंगलुरु में इसरो के अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण सुविधा में प्रशिक्षण ले रहे हैं। गगनयान प्रशिक्षण पर सिंह ने कहा कि गगनयात्री प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीन सेमेस्टर में से दो पूरे हो चुके हैं। स्वतंत्र प्रशिक्षण सिम्युलेटर और स्टेटिक मॉकअप सिम्युलेटर बन चुके हैं। जानकारी के लिए बता दें कि गगनयान परियोजना इसरो का एक बड़ा मिशन है।

### रिटायरमेंट के बाद आपको कितना मिलेगा पेंशन


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**प्राइवेट नौकरी करने वालों को रिटायरमेंट के बाद पेंशन का लाभ उठाने के लिए ईपीएफओ की सुविधा मिलती है। कर्मचारी पेंशन योजना एक तरह की रिटायरमेंट स्कीम है। इसमें यूजर को हर महीने एक निश्चित राशि जमा करनी होती है,



जिस पर सरकार द्वारा ब्याज दिया जाता है और इस तरह रिटायरमेंट तक यूजर के पास एक मोटा फंड इकठ्ठा हो जाता है। ईपीएओ में कर्मचारी को अपनी बेसिक सैलरी के साथ महंगाई भत्ता का 12 फीसदी हिस्सा जमा करना होता है। जितनी राशि कर्मचारी द्वारा जमा किया जाता है उतना ही कंपनी द्वारा जमा किया जाता है। आपको बता दें कि कंपनी द्वारा योगदान राशि को दो हिस्सों में बांटा जाता है। योगदान राशि का 8.33 फीसदी हिस्सा कर्मचारी पेंशन स्कीम में जाता है और 3.67 फीसदी हिस्सा ईपीएफ में जाता है।ईपीएफओ यूजर के मन में हमेशा एक सवाल बना रहता है कि रिटायरमेंट के बाद उन्हें ईपीएस योजना के तहत कितना पेंशन मिलेगा आज हम आपको एक फॉर्मूला के बारे में बताएंगे जिसकी मदद से आप आसानी से पेंशन कैलकुलेट कर सकते हैं।

## राष्ट्रपति भवन के लिए रवाना हुई सीएम ममता बनर्जी, पीएम मोदी करेंगे बैठक की अध्यक्षता

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आज यानी 27 जुलाई को नीति आयोग की नौवीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक है। इस मीटिंग की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। नीति आयोग की इस महत्वपूर्ण बैठक में कई राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हो रहे हैं सभी बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री बैठक में हिस्सा लेंगे। वहीं, विपक्षी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने इस बैठक का बहिष्कार किया है। हालांकि, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बैठक में शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंच चुकी हैं। एनडीए के सहयोगी बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार



ने अभी तक अपनी बैठक में शामिल होने पुष्टि नहीं की है। राजधानी दिल्ली में आज राज्यों के मुख्यमंत्रियों का जमावड़ा रहेगा। मीटिंग के लिए धीरे-धीरे राज्यों के मुख्यमंत्री पहुंचने लगे हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी आदि बैठक के लिए पहुंच चुके हैं बता दें कि नीति आयोग की इस बैठक में साल 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। गवर्निंग काउंसिल नीति आयोग की शीर्ष निकाय है। इसमें सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल और कई केंद्रीय मंत्री शामिल हैं।

## कारगिल विजय दिवस पर अग्निवीरों को सौगात, यूपी-एमपी के बाद चार राज्यों ने भी किया बड़ा एलान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**अगिन्वीर योजना पर लंबे समय से जारी विवाद के बीच कारगिल विजय दिवस के मौके पर मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश समेत पांच राज्यों ने अगिन्वीरों को बड़ी खुशखबरी दी है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, गुजरात और उत्तराखंड ने अगनेवीरों को आरक्षण देने की घोषणा की ह सभी छह राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने खुद इसकी जानकारी देते हुए कहा कि राज्य पुलिस भर्तियों में अगिन्वीर की नौकरी करके आए युवाओं को आरक्षण दिया जाएगा। कई मुख्यमंत्रियों ने अगिन्वीर योजना को लेकर मोदी सरकार की पीठ भी थपथपाई। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस योजना को लेकर कहा कि किसी भी देश और समाज को आगे बढ़ने के लिए समय-समय पर सुधार करना जरूरी होता है। सीएम योगी ने कहा कि अगिन्वीर जब अपनी सेवा के बाद वापस आएंगे, तो हम उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा में, पीएसी में इन नौजवानों को प्राथमिकता के आधार पर समायोजन की सुविधा देंगे। उन्होंने कहा कि उनके लिए एक निश्चित आरक्षण की सुविधा उत्तर प्रदेश पुलिस में उपलब्ध कराएंगे।

## पिछले पांच सालों में विदेश में हुई 633 भारतीय छात्रों की मौत, सबसे अधिक कनाडा में

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** विदेशों में पिछले पांच सालों में 633 भारतीय छात्रों की मौत हुई है। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को लोकसभा में इसकी जानकारी देते हुए 'विदेश में भारतीय छात्रों को सुरक्षा प्रदान करना भारत सरकार की सवोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। विदेशों में भारतीय मिशन विदेशी विश्वविद्यालयों में नामांकित भारतीय



बताया कि प्राकृतिक कारणों सहित विभिन्न कारणों से पिछले पांच वर्षों में विदेशों में भारतीय छात्रों की मौत की 633 घटनाएं हुईं, जिसमें कनाडा 172 मामलों के साथ शीर्ष पर ह विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह द्वारा दिए गए विवरण के अनुसार इनमें 19 भारतीय छात्रों की मौत अलग-अलग हमलों में भी हुई है, जिनमें सबसे अधिक नौ मौतें कनाडा में और छह मौतें अमेरिका में हुईं। आंकड़ों से पता चलता है कि मौत की 633 घटनाओं में से 108 अमेरिका में, 58 ब्रिटेन में, 57 ऑस्ट्रेलिया में और 37 रूस में दर्ज की गईं।इसके अलावा सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार यूक्रेन में 18, जर्मनी में 24, जॉर्जिया, किर्गिस्तान और साइप्रस में 12-12 घटनाएं और चीन में आठ भारतीय छात्रों की मौत के मामले सामने आए। कीर्ति वर्धन सिंह ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा, 'मंत्रालय के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में प्राकृतिक कारणों, दुर्घटनाओं और चिकित्सा स्थितियों सहित विभिन्न कारणों से विदेश में भारतीय छात्रों की मृत्यु की 633 घटनाएं दर्ज की गई हैं। उन्होंने कहा, छात्रों के साथ नियमित संपर्क बनाए रखते हैं।' एक अलग प्रश्न के उत्तर में कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में कुल 48 भारतीय छात्रों को अमेरिका से निर्वासित किया गया है उन्होंने कहा, 'निर्वासन के कारणों को अमेरिकी अधिकारियों द्वारा आधिकारिक तौर पर साझा नहीं किया गया है।' उन्होंने कहा, 'अनधिकृत रोजगार, कक्षाओं से निकासी, निलंबन और वैकल्पिक व्यावहारिक प्रशिक्षण रोजगार की रिपोर्ट में विफलता जैसे कुछ संभावित कारण हैं, जिसके परिणामस्वरूप छात्र के वीजा को समाप्त किया जा सकता है, जिससे उसकी उपस्थिति गैरकानूनी हो सकती है और अंततः निर्वासन हो सकता है।' केंद्र सरकार ने शुक्रवार को लोकसभा में विदेशों में भारतीय छात्रों की मौत से जुड़े आंकड़े पेश करते हुए बताया कि पिछले पांच सालों में अलग-अलग देशों में कुल 633 भारतीय छात्रों की मौत हुई है। इनमें मौत की वजहें अलग-अलग रही हैं। सबसे अधिक छात्रों की मौत कनाडा में हुई हैं। इसके बाद अमेरिका और ब्रिटेन में सबसे अधिक मामले हैं।

## नीति आयोग की बैठक आज, विपक्षी दलों के कई मुख्यमंत्री नहीं लेंगे भाग

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 जुलाई को नीति आयोग की नौवीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। गवर्निंग



काउंसिल नीति आयोग की शीर्ष निकाय है। इसमे सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल और कई केंद्रीय मंत्री शामिल हैं। विपक्षी दलों के कई सीएम नहीं लेंगे भाग पीएम मोदी नीति आयोग के अध्यक्ष हैं। शनिवार को होने वाली गवर्निंग काउंसिल की बैठक में विपक्षी दलों के कई मुख्यमंत्रियों ने भाग नहीं लेने का फैसला किया है। कांग्रेस शासित तीन राज्यों के मुख्यमंत्रियों- कर्नाटक के सिद्दरमैया, हिमाचल प्रदेश के सुखविंदर सिंह सुक्खू और तेलंगाना के रेवंत रेड्डी ने घोषणा की है कि वे बजट में अपने राज्यों के प्रति पक्षपात के कारण नीति आयोग की बैठक में भाग नहीं लेंगे।तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक नेता एमके स्टालिन, केरल के सीएम और माकपा नेता पिनराई विजयन के साथ-साथ आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली पंजाब और दिल्ली सरकारों ने भी बैठक का बहिष्कार करने का फैसला किया है।एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि बैठक का उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकारों के बीच सहभागी शासन और सहयोग को बढ़ावा देना, सरकारी वितरण तंत्र को मजबूत करके ग्रामीण और शहरी दोनों आबादी के लिए जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाना है। गवर्निंग काउंसिल की बैठक में विकसित भारत के लिए विजन डाक्यूमेंट पर चर्चा की जाएगी। बैठक में 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में राज्यों की भूमिका पर भी विस्तृत विचार-विमर्श होग बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि वह 27 जुलाई को दिल्ली में नीति आयोग की होने वाली बैठक में हिस्सा लेंगी।

## भाजपा ने कई राज्यों में प्रभारी और सह प्रभारी किए नियुक्त, देखें किसे मिली बड़ी जिम्मेदारी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भाजपा ने शुक्रवार को राज्यसभा सदस्य और राष्ट्रीय महासचिव राधा मोहन दास अग्रवाल को राजस्थान के लिए पार्टी का प्रभारी और पूर्व लोकसभा सांसद हरीश द्विवेदी को असम का प्रभारी नियुक्त किया है एक बयान में पार्टी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राष्ट्रीय सचिव अरविंद मेनन और पूर्व सांसद राजदीप राय को क्रमशः तमिलनाडु और त्रिपुरा का प्रभारी बनाया है। मेनन को यह जिम्मेदारी दोबारा सौंपी गई है जो वह पहले से संभाल रहे थे। पूर्व भाजपा महिला मोर्चा प्रमुख विजया रहाटकर राजस्थान में और सुधाकर रेड्डी तमिलनाडु में संगठनात्मक मामलों के सह प्रभारी होंगे। इसके साथ ही पार्टी ने बिहार और राजस्थान में भी नए अध्यक्षों की नियुक्ति की है। बिहार सरकार में मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल को उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की जगह नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं, राज्यसभा सांसद मदन राठौर को सी पी जोशी के स्थान पर राजस्थान इकाई का अध्यक्ष बनाया गया है।



## अब चीन की जरूरत नहीं कर्नाटक में मिला लिथियम के बड़ा खजाना छत्तीसगढ़ तक फैला हो सकता है भंडार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कर्नाटक के दो जिलों में 1,600 टन लिथियम भंडार मिला है, जिसकी जानकारी पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने दी। जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा में बताया कि कर्नाटक के मांड्या और यादगिर जिलों में लिथियम के भंडार मिले हैं इससे पहले जम्मू-कश्मीर के रियासी में लिथियम का भंडार मिला था। रियासी में सलाल और उसके साथ सटे इलाकों में 50 लाख टन का भंडार है। मालूम हो कि भारत लगभग 70 प्रतिशत लिथियम आयात चीन से करता है और ग्लोबल सप्लाई में चीन की हिस्सेदारी 80 प्रतिशत है।परमाणु ऊर्जा विभाग की एक इकाई और परमाणु खनिज शोध और अनुसंधान निदेशालय ने भी इन संसाधनों की पहचान कर ली है। एक लिखित उत्तर में पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि यादगिर जिले में किए गए सर्वेक्षण और सीमित भूमिगत खोज से लिथियम होने के संकेत मिले हैं। अनुमान जताया गया कि लिथियम की मौजूदगी सिर्फ कर्नाटक तक ही सीमित नहीं है बल्कि ये छत्तीसगढ़ तक है। इस कड़ी में छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में भी जांच जारी है। जितेंद्र सिंह के अनुसार, कुछ प्राइवेट कंपनियां अपने कैप्टिव साइट्स में रिएक्टर लगाने में रुचि ले रही हैं। राजस्थान, बिहार और आंध्र प्रदेश में अभ्रक बेल्ट हैं।



## ढाबे वाले नाम बताए, यह केंद्र का कानून', सुप्रीम कोर्ट ने कहा- आप जवाब दायर करें फिर हम विचार करेंगे

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकान लगाने वाले मालिकों और उनके कर्मचारियों के नाम प्रदर्शित करने पर रोक जारी है। सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम रोक आदेश आगे बढ़ा दिया है। शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को मामले की सुनवाई की। इस दौरान उत्तराखंड और मध्य प्रदेश को याचिका का जवाब दाखिल करने के लिए समय देते हुए दुकानदारों के नाम प्रदर्शित करने पर रोक अगले आदेश तक जारी रखी है। हालांकि, सुनवाई के दौरान जब दुकानदारों के स्वेच्छा से नाम प्रदर्शित करने की बात चली तो कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अगर कोई स्वेच्छा से नाम प्रदर्शित करता है तो उसकी मनाही नहीं है।


## कुल्हाड़ी के एक वार से बाघ को मारने वाली जादिंगी कैंसर से हारीं, सरकार ने शौर्य चक्र से किया था सम्मानित

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** वीर महिलाओं की सूची में अपना नाम दर्ज कराने वाली मिजोरम की महिला जादिंगी शुक्रवार को कैंसर से हार गईं और सदा के लिए आंखें मूंद लीं। वह 72 वर्ष की थीं। उन्होंने 46 वर्ष पूर्व जंगल में बाघ से लड़ते हुए उसे कुल्हाड़ी से मारकर शोहरत हासिल की थी। इस घटना के बाद उन्हें अदम्य बहादुरी के लिए भारत सरकार ने शौर्य चक्र से सम्मानित किया था। बाघ को कुल्हाड़ी से मौत के घाट उतारने वाली बहादुर महिला जादिंगी का 72 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनका पैतृक गांव में अंतिम संस्कार कर दिया गया है। 1978 में जंगल में जादिंगी का सामना एक बाघ से हुआ था। इस जंग में जादिंगी को सफलता मिली थी। मगर 46 साल बाद वे कैंसर से जंग हार गईं। मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदूहोमा ने जादिंगी को राज्य की सबसे बहादुर महिलाओं में से एक बताया है। जादिंगी बांग्लादेश सीमा के नजदीक मिजोरम के लंगलेई जिले के बुआरपुई गांव की रहने वाली थीं। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को उनके गांव में ही किया गया। युवावस्था में जादिंगी जब जंगल में लकड़ी काटने के लिए गई थीं तभी उनका सामना बाघ से हुआ था। जब उन्हें पास में बाघ के होने का पता चला तो उन्होंने मदद के लिए साथ गईं महिलाओं को आवाज लगाई लेकिन कोई नहीं आया। इसके बाद जादिंगी ने साहस बटोरकर महज तीन फीट दूर से हमले के लिए उद्यत बाघ के सिर पर कुल्हाड़ी से वार किया था। जादिंगी ने महज एक वार से बाघ को बुरी तरह से घायल कर दिया था। मगर वह खुद को उसके हमले से नहीं बचा पाईं, बाघ के पंजे की चपेट में आने से उनका हाथ कई जगह से फट गया था। बाद में कुछ दूरी पर घायल बाघ की लाश मिली थी। यह घटना तीन जुलाई, 1978 की थी। यह घटना उस समय देश में बहुचर्चित हुई।



## विदेश सचिव नहीं, केरल सरकार ने वरिष्ठ आई ए एस ऑफिसर वासुकी को दी है ये जिम्मेदारी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**तिरुवनंतपुरम।** वरिष्ठ आईएएस अधिकारी के. वासुकी को 'विदेशी सहयोग' से संबंधित अतिरिक्त कार्यभार सौंपने के लिए भाजपा द्वारा



आलोचना किए जाने के एक दिन बाद केरल सरकार ने रविवार को 2016 के लोकसभा दस्तावेज का हवाला देते हुए जवाब दिया केरल सरकार ने कहा कि लोकसभा दस्तावेज में भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने राज्यों को निर्यात, पर्यटन को बढ़ावा देने और विदेशी निवेश आकर्षित करने में मदद करने के लिए एक नए विभाग के बारे में बात की थी। प्रदेश भाजपा ने शनिवार को आईएएस अधिकारी को विदेश मामलों का प्रभारी बनाने के लिए एलडीएफ सरकार की आलोचना की थी और इसे राज्य में 'विदेश सचिव' की नियुक्ति करार दिया था। इस पर मुख्य सचिव ने जवाब दिया था कि यह कोई नई बात नहीं है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने रविवार को तत्कालीन विदेश राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह द्वारा पांच मई, 2016 को दिए गए प्रश्न का उत्तर साझा किया।इसमें उन्होंने कहा था कि मंत्रालय ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के साथ समन्वय स्थापित करने के लिए अक्टूबर 2014 में एक नया विभाग-राज्य विभाग स्थापित किया है। इसका उद्देश्य उनके निर्यात और पर्यटन को बढ़ावा देने तथा अधिक विदेशी निवेश को आकर्षित करने के प्रयासों को और सुविधाजनक बनाना है। केरल के मुख्य सचिव डॉ. वी.वेणु ने स्पष्ट किया कि विदेश मामलों के प्रभारी के तौर पर के. वासुकी की नियुक्ति राज्य के विकास के लिए नए संबंध स्थापित करने के प्रयास का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि ऐसे और भी महत्वपूर्ण मुद्दे हैं, जिन पर जनता चर्चा कर सकती है और उन्हें इस तरह की 'फर्जी खबरों' पर समय बर्बाद नहीं करना चाहिए।

## बंगाल विभाजन की बात पर लोकसभा में विपक्ष का हंगामा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे एवं केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार के बंगाल विभाजन से संबंधित बयान पर शुक्रवार को लोकसभा में विपक्ष ने भारी हंगामा किया, जिसके बाद कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। इसी दौरान भाजपा सदस्यों ने भी कर्नाटक में भ्रष्टाचार से जुड़े एक मुद्दे पर हंगामा किया। कल्याण बनर्जी ने भाजपा पर लगाया आरोप प्रशन्काल के बाद स्पीकर ओम बिरला ने तृणमूल कांग्रेस सदस्य कल्याण बनर्जी को अपनी बात रखने का अवसर दिया। बनर्जी ने केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास राज्यमंत्री सुकांत मजूमदार के एक बयान का उल्लेख करते हुए बंगाल को बांटने का षड्यंत्र बताया। इसपर स्पीकर ने कहा कि मंत्री ने सदन में ऐसा बयान नहीं दिया है। सदन से बाहर के बयान पर यहां चर्चा नहीं होगी।भाजपा सांसद निशिकांत दुबे एवं केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार के बंगाल विभाजन से संबंधित बयान पर शुक्रवार को लोकसभा में विपक्ष ने भारी हंगामा किया जिसके बाद कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। इसी दौरान भाजपा सदस्यों ने भी कर्नाटक में भ्रष्टाचार से जुड़े एक मुद्दे पर हंगामा किया।

## चिराग पासवान ने जाति जनगणना का किया समर्थन, लेकिन जताई एक बड़ी चिंता

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री और लोजपा (रामविलास) प्रमुख चिराग पासवान ने देश भर में जाति जनगणना की वकालत की है। लेकिन उन्हें इस बात




की चिंता है कि इन आंकड़ों को सार्वजनिक करने से समाज में 'विभाजन' पैदा होगा। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ एनडीए के भीतर 'एक राष्ट्र , एक चुनाव' और 'समान नागरिक संहिता' पर अब तक कोई चर्चा नहीं हुई है। हालांकि, ये दोनों मुद्दे भाजपा के घोषणापत्र का हिस्सा हैं। ट्रस्ट ऑफ इंडिया (पीटीआई) से खास बातचीत में उन्होंने यूसीसी के बारे में गहरी चिंता जताई। उन्होंने शनिवार को कहा कि जब तक इस पर मसौदा उनके सामने नहीं रखा जाता, तब तक वह कोई रुख नहीं अपना सकते। हालांकि, उन्होंने जोर देकर कहा कि उनकी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) 'एक राष्ट्र , एक चुनाव' का पुरजोर समर्थन करती है। जब पासवान से पूछा गया कि क्या वह समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का समर्थन करते हैं तो इसके जवाब में उन्होंने कहा, हमारे पास अभी तक इसका मसौदा नहीं है। जब तक हम उस मसौदे को नहीं देख लेते, क्योंकि बहुत सारी चिंताएं हैं भारत विविधताओं वाला देश है। उन्होंने कहा, चाहे भाषा हो, संस्कृति हो या जीवनशैली, देश के अलग-अलग क्षेत्रों में सब कुछ अलग है। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि 'आप सभी को एक छतरी के नीचे कैसे ला सकते हैं।' केंद्रीय मंत्री ने कहा, हालांकि, यूसीसी पर बहस में अक्सर हिंदू-मुस्लिम मुद्दे पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। लेकिन यह हिंदुओं के बारे में भी है, क्योंकि उनकी प्रथाएं और परंपराएं, जिनमें विवाह से संबंधित चीजें भी शामिल हैं, देश भर में अलग-अलग हैं।पासवान ने कहा, मुझे लगता है कि छत्तीसगढ़ में आदिवासियों को इससे बाहर रखा जा रहा है। तो आप उन्हें इस छतरी के नीचे कैसे ला सकते है इसलिए जब तक कोई मसौदा नहीं आता, मुझे नहीं लगता कि मैं इस सवाल का जवाब दे पाऊंगा।उन्होंने कहा, यह हिंदू-मुस्लिम विभाजन के बारे में नहीं है। यह सभी को एक साथ लाने के बारे में है। पासवान ने कहा कि जाति जनगणना अगली जनगणना का हिस्सा होनी चाहिए, क्योंकि समुदाय आधारित विकास योजनाओं के लिए पर्याप्त धन आवंटन के लिए अक्सर विशिष्ट डेटा की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि अदालतें भी कई बार विभिन्न जातियों की जनसंख्या के डेटा मांगती हैं।

## दरिंदगी की सारी हदें पार, कर्नाटक में कुत्ते को स्कूटर से बांधकर घसीटा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कर्नाटक के उडुपी जिले में पशु क्रूरता की एक घटना सामने आई है। जहां एक व्यक्ति ने एक कुत्ते को अपने स्कूटर से बांधकर एक किलोमीटर से अधिक समय तक घसीटा। इस भयावह घटना को वहां खड़े लोगों ने वीडियो में कैद कर लिया। वीडियो में उडुपी जिले के मल्लूर गांव का एक व्यक्ति अपने स्कूटर में जंजीर बांधकर कुत्ते को घसीटता हुआ



दिखाई दे रहा है। पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 की धारा 11(1)(डी)(एफ)(जी) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। उडुपी के एसपी डॉ. अरुण ने पुष्टि की कि घटना मल्लूर और शिरवा गांवों के बीच हुई। (चेतावनीः नीचे दिए गए वीडियो में ऐसे दृश्य हैं जो कुछ दर्शकों को परेशान या उत्तेजित कर सकते हैं। कृपया देखते समय सावधानी बरतें।

### सेना में भर्ती किए गए एक लाख अग्निवीर, 70 हजार को विभिन्न बटालियनों में किया गया तैनात

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट जनरल सी.बी. बोनप्पा ने रविवार को कहा कि अब तक एक लाख अग्निवीरों को भर्ती किया गया है। उनमें से लगभग 70,000 को यूनिटों में तैनात कर दिया गया है। पोनप्पा ने कहा कि वर्ष 2024-25 के लिए लगभग 50,000 रिक्तियां निकाली गई हैं और भर्ती प्रक्रिया जारी है। जून 2022 से योजना की शुरुआत हुई थी।

# बॉलीवुड/टेली मसाला

## गुरु पूर्णिर्मी के खास मौके पर सायरा बानो ने शेयर किया पोस्ट, बोलीं 'गुरु डालते हैं जीवन में गहरा प्रभाव'



**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** दिग्गज एक्ट्रेस सायरा बानो सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव आभारी और सराहना करने के क्षण के रूप में देखती हूं। मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं कि मुझे अपने में विकसित करने और आकार देने के लिए समर्पित कर दिया। एक्ट्रेस ने आगे लिखा कि एक और महत्वपूर्ण




रहती हैं और वह वहां पर अक्सर कभी फिल्मों से जुड़े किस्से, तो कभी दिलीप कुमार से जुड़े किस्से शेयर करती रहती हैं। अब एक्ट्रेस ने 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के खास दिन पर अपने गुरुओं के साथ कई तस्वीरें शेयर करते हुए एक लंबा-चौड़ा नोट शेयर किया है। सायरा बानो ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर कई फोटोज शेयर की हैं। किसी में वह दिलीप कुमार के साथ तो किसी में अन्य स्टार्स के साथ नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने इन फोटो को शेयर करते हुए लिखा कि गुरु पूर्णिमा उन लोगों के प्रति सम्मान और गहरी कृतज्ञता व्यक्त करने का एक प्रिय अवसर है, जिन्होंने हमें ज्ञान और प्रेम के साथ मार्गदर्शन किया है, जो हमें याद दिलाते हैं कि एक गुरु हमारे जीवन पर कितना गहरा प्रभाव डाल सकता है। इसके आगे उन्होंने लिखा कि पर्सनली, मैं इसे हर एक दिन पूरे जीवन में कई पूज्य गुरुओं का आशीर्वाद मिला है, जिनकी शिक्षाओं और मार्गदर्शन ने मुझे गहराई से आकार दिया है, खासकर भारतीय सिनेमा के माध्यम से मेरी यात्रा में और दिलीप साहब से मेरी शादी के बाद। फिर एक्ट्रेस ने आगे लिखा कि इन प्रिय गुरुओं में से एक रोशन कुमारी जी (पहली तस्वीर में मेरे बाईं ओर बैठी हैं) सबसे अलग हैं, जिन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया है और उन्होंने महान बंगाली फिल्म निर्माता सत्यजीत रे के साथ भी काम किया है। उन्होंने मुझे जयपुर घराने के शास्त्रीय नृत्य - कथक की कला सिखाई। उनकी शालीनता और अनुशासन किसी मास्टर क्लास से कम नहीं थे और भारतीय कला के लिए एक वरदान थे। शास्त्रीय नृत्य में मैंने जो कुछ भी हासिल किया है, उसका श्रेय उन्हीं को जाता है। उन्होंने खुद को पूरी तरह से मुझे शास्त्रीय डांसर के रूप गुरु हैं पी.एल. राज जी, जिनके साथ मुझे 'जंगली' के दौरान काम करने का सौभाग्य मिला, जहां उन्होंने मेरे पहले गाने 'कश्मीर की कली' को खूबसूरती से कोरियोग्राफ किया और बाद की फिल्मों में भी मेरे साथ काम करते रहे। साथ ही मेरी रिहर्सल कंपोजर शालिनी देशपांडे ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी और मेरे साथ मिलकर उन नृत्यों में मेरे लिए जो भी मूवमेंट सेट किए गए थे, उनका अभ्यास किया। आज, मैं उन्हें अपार प्रेम और सम्मान के साथ याद करती हूं, मैं उनकी कहानियां और मेरे जीवन पर उनके द्वारा छोड़ी गई अमिट छाप को शेयर करने के लिए बाध्य महसूस करती हूं। उनका प्रभाव एक मार्गदर्शक प्रकाश की तरह है और मेरी यात्रा में उनका योगदान अमूल्य है। हम सबकी एक साथ की और भी खुशनुमा कहानियां कुछ देर बाद सुनाऊंगी।

## अली गोनी ने किया गर्लफ्रेंड जैस्मिन भसीन के लिए पोस्ट खास कैप्शन लिख बढ़ाई एक्ट्रेस की हिम्मत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** टीवी की जानी-मानी एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन को लेकर हाल ही में यह खबर आई कि उन्होंने दिल्ली के एक इवेंट के दौरान आंखों डॉक्टर के पास गई तो उन्होंने बताया कि एक्ट्रेस के आंखों की कॉर्निया खराब हो गई है। ऐसे में अब अली गोनी ने भी उनके लिए पोस्ट किया है। अब उनके

में लेंस पहने, जिसके बाद उनका कॉर्निया खराब हो गया और वह अपनी आंखों से देख नहीं पा रही थीं। हालांकि, अब एक्ट्रेस पहले से बेहतर है और इस बात की जानकारी उन्होंने खुद एक पोस्ट शेयर करके दी। छोटे पर्दे की जानी मानी एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन इस समय लाइमलाइट में बनी हुई हैं। दरअसल एक्ट्रेस को लेंस पहनने की वजह से आंखों में दिक्कत हुई और उसके बाद उन्हें अचानक से दिखना बंद हो गया। जब वह ब्वॉयफ्रेंड और अभिनेता अली गोनी ने सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस के लिए पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने एक खूबसूरत फोटो शेयर कर एक्ट्रेस को खास महसूस कराया है। अली गोनी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है। इस पोस्ट में वह जैस्मिन को अपनी बाहों में पकड़े नजर आ रहे हैं और दोनों स्माइल कर रहे हैं। अली जहां व्हाइट कुर्ते पजामे में दिखाई दे रहे हैं। वहीं, एक्ट्रेस ग्रीन सूट में नजर आ रही हैं।

## 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' के वक्त माफिया से पिटने वाले थे विक्की कौशल, कहा '500 लोगों ने घेर लिया था और फिर'

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कम लोग जानते हैं कि विक्की कौशल ने अपने करियर की शुरुआत फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' से की थी। भले ही वह पर्दे पर न नजर आये हों, लेकिन पर्दे के पीछे उनकी अहम भूमिका थी। उन्होंने फिल्म में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम किया था।'बैड न्यूज' का प्रमोशन कर रहे विक्की कौशल ने 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' के बारे में बात तन्मय भट्ट के साथ बातचीत में विक्की कौशल ने कहा, फिल्म में जो कोयला तस्करी दिखाई गई थी, वह असली थी। हमने इसे शूट किया। एक घटना तब हुई जब हम अवैध रेत खनन के सीन कैप्चर करने गए थे। मैं दंग रह गया था, क्योंकि यह पहली बार था जब मुझे एहसास हुआ कि यह इतने खुलेआम होता है। आपको लगेगा ही नहीं कि असली में तस्करी हो रही है। आपको लगेगा कि यह ठीक से हम उन्हें चुपके से शूट कर रहे थे और कुछ लोग आ गये। हमें 500 लोगों ने घेर लिया था। कैमरा अटेंडेंट एक बूढ़ा आदमी था, जिसकी उम्र 50 से ज्यादा थी। उस आदमी ने यूनिट को फोन करके बताया कि कैमरा समय पर नहीं आएगा क्योंकि हम यहां किसी परिस्थिति में फंसे हुए हैं। विक्की कौशल ने आगे कहा, फोन पर उसकी बात सुनकर वहां मौजूद एक शख्स को लगा कि वह किसी




की है। उन्होंने बताया कि फिल्म में जो कोयला तस्करी दिखाई गई थी, वो असली थी। इस सीन को कैप्चर करने के चक्कर में विक्की मार खाते-खाते बचे थे। उन्हें रेत माफिया के लोगों ने घेर लिया था।कॉमेडियन चलाया जा रहा कारोबार है, क्योंकि वहां सिर्फ दो ट्रक नहीं खड़े थे, बल्कि वहां 500 ट्रक खड़े थे। विक्की कौशल ने बताया कि सीक्रेटली तस्करी को कैप्चर करने के चक्कर में वह बुरी तरह फंस गये थे। अभिनेता ने कहा, प्रभावशाली व्यक्ति को फोन कर रहा है। उस आदमी ने कैमरामैन को थप्पड़ मारा, उनसे कैमरा छीन लिया और हमें धमकी दी कि वे कैमरा तोड़ देंगे। हम दोनों को पीटा जाने वाला था, लेकिन हम किसी तरह बच निकले।

## क्या रणवीर शौरी होंगे बिग बॉस ओटीटी 3 के विनर होस्ट अनिल कपूर ने दिया बड़ा हिंट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी हर बीतते शो के साथ और भी इंटरेस्टिंग होता जा रहा है। चूंकि फिनाले करीब आ रहा है इसलिए मेकर्स डबल एविक्शन करके धीरे-धीरे टॉप के बारे में अनिल कपूर ने जो कमेंट किया उसने सभी का ध्यान खींचा। बिग बॉस शो धीरे-धीरे फिनाले की ओर बढ़ रहा है। शो पिछले दिनों अरमान मलिक और विशाल पांडे की लडाई को लेकर काफी ज्यादा चर्चा में था। अब शो के होस्ट अनिल कपूर ने होने वाले विनर को लेकर भी एक बड़ा हिंट दिया है। आने वाले एपिसोड में ये बात और भी क्लियर हो जाएगी कि बिग बॉस का विनर कौन होगा। अनिल कपूर ने कहा, आप से तो मैं टॉप 2 के बारे में नहीं पूछूंगा क्योंकि आप टॉप 2 और ग्रैंड फिनाले



फाइनलिस्ट चुन रहे हैं। शो पर 26 जुलाई को वीकेंड वॉर का आखिरी एपिसोड था। इस दौरान शो के होस्ट अनिल कपूर ने मौजूदा कंटेस्टेंट के व्यवहार पर बात की। अनिल कपूर ने सभी कंटेस्टेंट से उनकी राय ली और पूछा कि वो किसे विनर के तौर पर देखना चाहते हैं। हालांकि रणवीर शौरी के साथ हुई उनकी बातचीत ने एक अलग ही मोड़ ले लिया। बिग बॉस ने अरमान मलिक और लवकेश कटारिया से पूछा कि शो में वो किसे विनर के तौर पर देखना चाहते हैं। इसके बाद वो रणवीर शौरी से बात करने लगे। इस बीच रणवीर शौरी से बहुत आगे जा चुके हैं। इस बात पर राजी होते हुए सभी कंटेस्टेंट ताली बजाने लगते हैं। उन्होंने आगे कहा,ङ्क जैसे कि मैंने पहली ही कहा था आप रेड कार्पेट पर स्लो मोशन में पहले ही चल चुके हो, आगे बढ़ चुके हो। कोई जीते या नहीं जीते, मैं जीतू या ना जीतू, आफ्टर पार्टी की प्लानिंग हो रही है। आप अपने दोस्तों के साथ सक्सेस पार्टी जानते हैं।ठ घर जाकर करनी है पार्टी बता दें कि रणवीर शौरी ने कुछ समय पहले ही ये बात बोली थी कि घर से बाहर निकलने के बाद वो घर जाते ही सबसे पहले दिल खोलकर मटन खाएंगे और ड्रिंक्स की पार्टी करेंगे।

## जाह्नवी कपूर हर महीने 'ब्वॉयफ्रेंड' से कर लेती थीं ब्रेकअप, फिर 2 दिन बाद बोलती थीं सॉरी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** जाह्नवी कपूर अपनी आगामी फिल्म 'उलझ' के प्रमोशन में जुटी हैं। हाल ही में, वह अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में अपने से ब्रेकअप कर लिया करती थीं। इसकी वजह से शायद लगभग हर लड़की खुद को रिलेट कर सकती है।जाह्नवी कपूर ने बताया कि उनका पहला ब्रेकअप कुछ खास बुरा नहीं फिर पैच-अप कर लेती थीं। एक्ट्रेस ने कहा, मेरे पीरियड्स के कुछ सालों में हर महीने मैं इस व्यक्ति से ब्रेकअप कर लेती थी। पहले दो या तीन महीने वह सदमे में रहता था, लेकिन



ग्लैमरस अवतार के लिए खूब चर्चा में रहीं। फिर फूड पॉइजनिंग की वजह से उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। अब जाह्नवी डिस्चार्ज हो गई हैं और एक हालिया इंटरव्यू में उन्होंने अपने पहले ब्रेकअप के बारे में बात की है। जाह्नवी कपूर ने एक हालिया इंटरव्यू में अपनी डेटिंग लाइफ के बारे में ऐसा खुलासा किया है, जिसे जान आप भी हैरान रह जाएंगे। अभिनेत्री ने बताया कि वह कभी हर महीने ब्वॉयफ्रेंड था, क्योंकि वह ब्वॉयफ्रेंड उनके पास वापस लौट आया था। अहाउटरफ्लाई संग बातचीत में 'मिस्टर एंड मिसेस माही' एक्ट्रेस ने कहा, मैंने जिंदगी में सिर्फ एक बार दिल टूटने का अनुभव किया है, लेकिन वही व्यक्ति वापस आया और मेरे दिल को जोड़ दिया। इसलिए सब कुछ ठीक था। जाह्नवी कपूर ने इसी इंटरव्यू में कहा कि वह हर महीने ब्वॉयफ्रेंड से ब्रेकअप कर लिया करती थीं और उसके बाद वह कहता था, 'हां, ठीक है,' और दो दिन बाद मैं रोते हुए और सॉरी कहते हुए उसके पास वापस जाती थी। मुझे समझ नहीं आता था कि मेरा दिमाग इस तरह क्यों काम कर रहा है। मालूम हो कि जाह्नवी कपूर इन दिनों बिजनेसमैन शिखर पहाड़िया को डेट कर रही हैं। वह पहले भी शिखर को डेट कर चुकी हैं, लेकिन फिर उनका ब्रेकअप हो गया था।

## गंगाजल' फिल्म में किया था मान्यता दत्त ने काम, ऐसे हुई थी संजय दत्त से पहली मुलाकात

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता संजय साथ ही उनका ये नाम भी रियल नहीं है। 22 जुलाई को 46 साल की किया। हालांकि, उन्हें बड़ी फिल्मों के ऑफर नहीं मिले। ऐसे में उन्होंने बी




दत्त की तीसरी पत्नी मान्यता दत्त भी एक्ट्रेस रह चुकी हैं। हालांकि, इंडस्ट्री में उन्हें वो मुकाम हासिल नहीं हुआ, जो वह चाहती थीं। यहां तक कि बहुत कम लोग इस बात से वाकिफ होंगे कि उनका असली नाम भी ये नहीं है, बल्कि इस नाम को उन्होंने फिल्मों में आने के बाद रखा था। अभिनेता संजय दत्त की पतनी मान्यता दत्त सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर वहां अभिनेता के साथ तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। बहुत कम लोग यह बात जानते होंगे कि मान्यता भी संजय की तरह ही फिल्मों में काम कर चुकी हैं। इसके हो रही हैं। मान्यता का जन्म 22 जुलाई, 1978 को मुस्लिम परिवार में हुआ, उनका रियल नाम दिलनवाज शेख था। हालांकि, बाद में उन्होंने फिल्मों में आने पर अपना नाम मान्यता रख लिया, जो उनका स्क्रीन नेम था। मान्यता दुबई से मुंबई अपनी किस्मत आजमाने आई थीं। यहां आकर उन्होंने कुछ मूवीज में छोटे-मोटे रोल किए, लेकिन उन्हें पहचान नहीं मिली। इसके बाद उनको प्रकाश झा के निर्देशन में बनी और अजय देवगन स्टारर मूवी 'गंगाजल' में आइटम सॉन्ग मिला। ये सॉन्ग था 'अल्हड़ मस्त जवानी', जिसमें कई लोगों ने उन्हें नोटिस और सी ग्रेड की फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया। साल 2006 में मान्यता की पहली बार एक्टर से मुलाकात हुई थी, जब उन्होंने मान्यता की एक सी ग्रेड फिल्म 'लवर्स लाइक अस' के राइट्स खरीदे थे। इसके बाद दोनों बातें करने लगे और दोनों को ही एक-दूसरे का नेचर भी पसंद आने लगा। इसके बाद साल 2008 में इस कपल ने शादी कर ली। दोनों आज साथ में काफी खुश हैं और इनके दो बच्चे भी हैं, बेटा शरान और बेटी इकरा। शादी के बाद मान्यता ने फिल्मी इंडस्ट्री को हमेशा के लिए छोड़ दिया और आज वह संजय दत्त प्रोडक्शन की सीईओ हैं।

## अपनी फीमेल को-स्टार्स को काम से खा जाती हैं जाह्नवी कपूर बोलीं- मैं बस अपना सिर नीचे कर काम करती हूं

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** हर कलाकार का अपना सफर होता है। कई बार ऐसा होता है कि कुछ कलाकार अपना सफर साथ शुरू करते हैं, लेकिन वह एक ही मुकाम पर नहीं पहुंच पाते हैं। कोई आगे निकल जाता है, कोई संघर्ष करता रह जाता है। कई बार सितारों के बीच इन चीजों को लेकर मनमुटाव की भी खबरें आती हैं कि एक का आगे निकलना उसके साथ के कलाकार को रास नहीं आता। हालांकि, बात करें अगर अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की, तो वह इस तरह की प्रतिस्पर्धा में यकीन नहीं रखती हैं। जाह्नवी कपूर लगातार कई फिल्में कर रही हैं। हाल ही में उनकी रिलीज होने वाली फिल्म उलझ का एक संवाद



वायरल हुआ है, जिसमें जब उनके पात्र से पूछा जाता है कि ये बकरी क्या करेगी, तो वह कहती हैं कि पूरा का पूरा शेर खा जाएगी। शुक्रवार को मुंबई में हुए इस फिल्म के एक गाने के लॉन्च पर जब जाह्नवी से पूछा गया कि क्या जिन कलाकारों ने उनके साथ अपना सफर शुरू किया था या जो इस दौर में काम कर रही हैं, उन्हें भी वह काम से खा जाएंगी? इस पर उन्होंने विनम्रता से जवाब देते हुए कहा कि मेरा ऐसा कोई इरादा नहीं है, न ही ऐसा कोई विचार कभी मन में आया है। मैं बस अपना सिर नीचे करके काम कर रही हूं। बता दें कि जाह्नवी कपूर की फिल्म उलझ 2 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस मूवी में गुलशन देवैया भी अभिनय करते दिखेंगे।

## ऑनलाइन कहां देख सकते हैं 'खतरों के खिलाड़ी 14' इस बार बहुत कुछ होगा नया, जानें कंटेस्टेंट्स से लेकर सब कुछ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** स्टंट बेस्ड रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' एक ऐसा शो है, जिसे देखने में लोगों को मजा भी आता है और डर भी लगता है। हर सीजन में शूट किया गया है। शो की शूटिंग मई में शुरू हो चुकी थी। रोहित शेट्टी ने एक हालिया इंटरव्यू में बताया था कि इस बार किसी अलग जगह शूटिंग करने के कारण लोकेशन को



में कंटेस्टेंट्स को ऐसे खतरों से गुजरना पड़ता है, जिसे करते हुए उनकी हालत जरूर खराब होती है। हालांकि, शो में सेफ्टी का पूरा ध्यान रखा जाता है। 'खतरों के खिलाड़ी 14' आज से शुरू हो रहा है। ऐसे में हम आपको बताएंगे कि इस सीजन में कौन से पार्टिसिपेंट्स होंगे और इस बार क्या कुछ अलग होने वाला है। पिछले कई वर्षों से 'खतरों के खिलाड़ी' की शूटिंग केप टाउन में हो रही थी। लेकिन ये सीजन रोमानिया रोमानिया में रखा गया। टीवी की दुनिया का पॉपुलर शो खतरों के खिलाड़ी सीजन 14 के साथ अब से कुछ ही घंटों में शुरू होने वाला है। इस बार के सीजन में जो पार्टिसिपेंट्स होंगे उन्हें लेकर सोशल मीडिया पर हाईप बरकरार है। रोहित शेट्टी के शो में इस बार काफी कुछ अलग और नया होते देखने को मिलेगा। इस बार क्या कुछ अलग हो सकता है इसके लिए पढ़िये ये रिपोर्ट। 'खतरों के खिलाड़ी 14' में 90 प्रतिशत नए स्टंट रखे गए हैं। यानी खतरे के लेवल पहले से अलग भी होगा और ज्यादा खतरनाक भी। 'खतरों के खिलाड़ी 14' में इस बार 12 कंटेस्टेंट्स के बीच कांटे की टक्कर होते देखने को मिलेगी। इस बार के सीजन में जो कंटेस्टेंट्स पार्टिसिपेट करेंगे, उनके नाम कुछ इस प्रकार हैं- इस शो में आने वाले कंटेस्टेंट्स को उनकी पॉपुलैरिटी के अनुसार पेमेंट किया जाता है। बात करें अगर इस बार के सबसे महंगे कंटेस्टेंट की, तो ऐसी चर्चा है कि ये और कोई नहीं, बल्कि आसिम रियाज हैं। वह हर हफ्ते के लिए 15- 20 लाख तक का अमाउंट चार्ज कर रहे हैं। इस लिस्ट में दूसरा नाम शालीन भनोट का सामने आया है। शालीन ने 'बिग बॉस 16' में टीना दत्ता के साथ क्लोज रिलेशन को लेकर खूब सुखियां बटोरी थीं। उनकी फीस 10-15 लाख के बीच बताई गई है। शालीन के बाद तीसरे नंबर पर अभिषेक कुमार का नाम है। वह हर हफ्ते 8-10 लाख चार्ज कर रहे हैं। खतरों के खिलाड़ी के अब तक के सीजन की बात करें, तो सीजन 13 के विनर डिनो जेम्स ने चमचमाती कार के साथ 20 लाख की प्राइज मनी जीती थी।

## आमिर खान ने महेश भट्ट के सामने फिल्म 'गुलाम' को लेकर रखी थी एक शर्त, निर्देशक को छोड़नी पड़ी थी फिल्म

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** जाने माने फिल्म निर्माता और निर्देशक महेश भट्ट ने हमें कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। हाल ही



में उन्होंने एक बॉलीवुड एक्टर के बारे में ऐसा खुलासा किया जिसे सुनकर शायद आपको भी यकीन ना हो। फिल्म निर्माता ने बताया कि एक समय ऐसा था जब उन्हें यकीन हो गया था कि फिल्में इतनी बड़ी नहीं हैं कि वे अपना पूरा जीवन समर्पित कर सकें। इंडियन एक्सप्रेस को दिए इंटरव्यू में भट्ट साहब ने बताया कि उन्हें आमिर खान की फिल्म 'गुलाम'से इसलिए बाहर होना पड़ा था क्योंकि एक्टर ने उनसे अपना पूरा जीवन इसके लिए समर्पित करने के लिए कहा था। बता दें कि इस फिल्म को पहले महेश भट्ट डायरेक्ट करने वाले थे। लेकिन जब उन्होंने फिल्म छोड़ दी तो फिर विक्रम भट्ट ने इसका निर्देशन किया। गुलाम एक एक्शन थ्रिलर फिल्म थी जिसमें रानी मुखर्जी उनके अपोजिट नजर आई थीं।महेश भट्ट ने कहा,'मैंने इस फिल्म को छोड़ने का फैसला किया। आमिर खान फिल्म को लेकर काफी भावुक थे उन्होंने मुझसे पूछा कि क्या मैं अपना जुनून इसमें लगा सकता हूं? मैंने नहीं सोचा था कि फिल्में मेरे लिए इतनी मायने रखती हैं कि मैं अपनी पूरी जिंदगी इसके लिए समर्पित कर दूं। मेरे लिए इसका कोई खास मतलब नहीं है और अगर मैं ऐसे ही कहता हूं तो यह झूठ होगा।' निर्देशक ने कहा कि मुझे फिल्में बनाना पसंद जरूर है लेकिन वह अपना पूरा जीवन इसके लिए नहीं दे सकते। महेश भट्ट ने बताया कि उनका जवाब सुनकर आमिर खान हैरान रह गए थे। इसके बाद महेश भट्ट ने ही इस प्रोजेक्ट के लिए विक्रम भट्ट का नाम आमिर को सुझाया था।

# सम्पादकीय


## पाकिस्तान की समस्याओं का अंत नहीं

पाकिस्तान के गंभीर आर्थिक संकट से ही नहीं, बल्कि अपने मुल्क के दहशतगर्दी से भी सामना करना पड़ रहा है।पाकिस्तान को जहां अपनी गंभीर आर्थिक बदहाली को दूर करने के लिए कोशिश करनी पड़ रही है, वहीं उसे अपने देश के दहशतगर्दी का भी सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में बन्नू की फौजी छावनी में एक आत्मघाती हमले में आठ सुरक्षाकर्मी मारे गए। शहबाज शरीफ की गठबंधन सरकार का अस्तित्व भी खतरे में है। सरकार में आपसी मतभेद बड़ी तेजी से सामने आ रहे हैं। लेकिन पाकिस्तान अपनी घरेलू समस्याओं को सुलझाने के बजाय भारत में अशांति पर ज्यादा ध्यान दे रहा है, जो बेहद निंदनीय है। पाकिस्तान फिलहाल भारी आर्थिक संकट से जूझ रहा है और नकदी की कमी के कारण उसे भुगतान संकट का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) पाकिस्तान को सात अरब डॉलर कर्ज के तौर पर देने पर विचार कर रहा है। लेकिन कर्ज को लेकर आईएमएफ की कुछ कठिन शर्तें भी हैं, जो पाकिस्तान को पूरी करनी होंगी। जैसे कि पाकिस्तान को कर (टैक्स) आधार व्यापक बनाने के अलावा राजकोषीय और मौद्रिक नीति को मजबूत करने, राज्य स्वामित्व वाले उद्योगों के प्रबंधन में सुधार, प्रतिस्पर्धा को मजबूत करने के लिए निवेश खातिर सुरक्षित व्यवस्था करने आदि की शर्तों को पूरा करना होगा। फिलहाल आईएमएफ ने पाकिस्तान को तीन साल का एक पैकेज आर्थिक समस्याओं से निपटने के लिए दिया है, जिससे उसे काफी हद तक आर्थिक संकट से निपटने में मदद मिलेगी। यह मदद 2023 'स्टैंड बाय अरेंजमेंट' के तहत दी गई है। इस तरह की मदद आईएमएफ भुगतान संकट का सामना कर रहे अपने सदस्य देशों को देता है। इधर पाकिस्तान ने अपने सालाना बजट में कुछ ऐसे प्रावधान किए हैं, जिससे उसे टैक्स से आय में बढ़ोतरी की उम्मीद है। काबिले गौर है कि पाकिस्तान अब चौदहवीं बार आईएमएफ के सामने कर्ज के लिए हाथ फैलाने जाएगा। पाकिस्तान में पहली बार 1958 में अयूब खान की फौजी सरकार आईएमएफ के पास कर्ज मांगने गई थी और उसने कर्ज हासिल किया था। आईएमएफ के कहने पर अब गैस, बिजली और बुनियादी जरूरतों की चीजों के रेट तय किए जा रहे हैं। आईएमएफ ने नए कर देने वालों की संख्या 30 लाख से बढ़ाकर 60 लाख करने के लिए कहा है। सेल टैक्स में भी बढ़ोतरी का प्रावधान है। खेती के लिए बीज, खाद, ट्रैक्टर पर पूरा सेल टैक्स लगाने की बात की गई है। निस्संदेह नए टैक्स मुल्क में महंगाई में बढ़ोतरी करेंगे, इससे पाकिस्तान में रोष देखा जा रहा है। सरकार ने आयकर अदा करने वालों की श्रेणी कम करके चार कर दी है। इससे उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। पाकिस्तान के लिए आईएमएफ की शर्तों पर अमल करना एक बहुत बड़ी चुनौती है। पाकिस्तान के बजट के बारे में न सिर्फ पाकिस्तानी आवाम, बल्कि वहां के राष्ट्रपति आसिफ जरदारी ने भी यह आरोप लगाया है कि आईएमएफ से कर्ज लेकर आवाम का इम्तिहान लिया जा रहा है। हम सरकार बनाना ही नहीं, गिराना भी जानते हैं। जाहिर है, राष्ट्रपति आईएमएफ से कर्ज लेने के हक में नजर नहीं आते। शरीफ सरकार के वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब ने खुद स्वीकार किया है कि बजट में लगाए गए कर से लोग तनाव में हैं। उनके राजस्व प्रस्ताव की सबने आलोचना की थी। हाल ही में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ जून में अपने कुछ मंत्रियों व सहयोगियों के साथ चीन गए थे। इस शिष्टमंडल में सेना प्रमुख जनरल आसिफ मुनीर भी शामिल थे। उनका मकसद चीन से माली मदद हासिल करना था। इससे पहले कि वे चीन से माली मदद मांगें, चीन ने पाकिस्तान से ताईवान, शिनजियांग, शिझांग, हांगकांग और दक्षिण सागर पर समर्थन की मांग की। पाकिस्तान चाहता था कि चीन उसके मुल्क में नई परियोजना में 46 अरब डॉलर का निवेश करे, लेकिन चीन ने केवल 25 अरब डॉलर के निवेश की पुरानी योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए स्वीकृति दी। पुरानी योजनाओं में सबसे प्रमुख बेल्ट ऐंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) की परियोजना है। इनमें ज्यादातर चीन के ही इंजीनियर और मजदूर काम रहे हैं और स्थानीय लोग गवादर एरिया में बलूची मजदूरों पर बराबर जानलेवा हमले करते रहते हैं। इसलिए चीन पाकिस्तान से उनकी सुरक्षा करने का भरोसा चाहता है। शहबाज शरीफ ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से भी मुलाकात की और आपसी रिश्तों को और मजबूत करने का संकल्प लिया। पाकिस्तान के आर्थिक संकट का अंत होता नहीं दिखता। अब देखना यह है कि अगले कुछ दिनों में पाकिस्तान में हालात क्या शक्ल अख्तियार करते हैं।

# एक जीवंत संस्कृति, जानें कहां होता है इसका उगम

उत्तरी तिब्बत एक बहुत बड़ा पहाड़ी मैदानी इलाका है जिसे चांगथांग के नाम से जाना जाता है। चांगथांग-चांग यानि उत्तर और थांग यानि मैदान इन दो तिब्बती शब्दों का जोड़ है। चांगथांग लगभग 25 लाख वर्ग कि.मी. इलाके में फैला है जिसमें से लगभाग 17,000 वर्ग कि.मी. हिस्सा लद्दाख के पूर्वी भाग में पड़ता है। क्या आपने पश्मीना के बारे में सुना है? हो सकता है आपने सुना हो कि ये दुनिया का सबसे मुलायम धागा है। सत्रहवीं





शताब्दी में पश्मीना से बने कश्मीरी शॉल पश्चिमी देशो में बहुत मशहूर हुए। आज भी पश्मीना दुनिया भर में कश्मीर और भारत की पहचान है। दरअसल, इसी वजह से पश्मीना को दुनिया भर में 'कैशमेयर' के नाम से भी जाना जाता है। अब अगर मैं आप से पूछूं कि पश्मीना कहां बनता है तब आप क्या कहोगे? कश्मीर में? चीन से आता है? या कहीं और से? चलिए आज हम आप को ले चलते हैं उन ऊंची पहाड़ी वादियों में जहां पश्मीना का उगम होता है।उत्तरी तिब्बत एक बहुत बड़ा पहाड़ी मैदानी इलाका है जिसे चांगथांग के नाम से जाना जाता है। चांगथांग- चांग यानि उत्तर और थांग यानि मैदान इन दो तिब्बती शब्दों का जोड़ है। चांगथांग लगभग 25 लाख वर्ग कि.मी. इलाके में फैला है जिसमें से लगभाग 17,000 वर्ग कि.मी. हिस्सा लद्दाख के पूर्वी भाग में पड़ता है। चांगथांग में रहनेवाले लोगों को चांगपा के नाम से जाना जाता है और इनके जीवन बसर करने का तरीका बिलकुल निराला है।चांगथांग का अधिक्तम् हिस्सा 4,000 मीटर की ऊंचाई से ऊपर है। क्या आप सोच सकते हैं कि 4,000 मीटर पर जीने में किस तरह की दिक्कतें आती होगी? अव्वल तो यहां बहुत ज्यादा ठंड होती है, खास कर जादे में जब तपमान -35ण् तक गिर जाता है। चांगपा समुदाय जिन स्थानों में बस्ते हैं वो अति दुर्गम है। तो यहाँ कोई कैसे और क्यों जीता है चांगपा सदियो से पशुपालन करते आ रहे हैं। क्योंकि यहां के हालात कृषि के योग्य नहीं हैं, पशुपालन उनके पास एक मात्रा विकल्प है। और क्योंकि इन ऊंचाइयों में घास की उपज सीमित मात्रा में होती है चांगपा समुदाय घुमंतू जीवन बसर करते हैं। लद्दाख में चांगपा समुदाय अलग-अलग घाटियों में रहते हैं। हर बड़ी घाटी में रहने वाले समुदाय को एक गांव की तरह देखा जा सकता है। लद्दाख चांगथांग में कुल 22 समुदाय हैं और हर समुदाय में 20 से 300 परिवार हैं। हर परिवार में 5-6 लोग होते हैं और सारा परिवार रेबो में रहता हैं। रेबो एक खास प्रकार का तंबू है जिसे याक के बाल से बनाया जाता था और ये सर्दी-गर्मी दोनों में काम देता है। चांगपा मानते हैं कि सदिन्यों में रेबो गरम रहता है और गमिन्यों में ठंडा। जब एक घाटी से दूसरी घाटी जाने का समय आता है तब पूरा परिवार अपना रेबो समेट कर अगले पड़ाव के लिए चल देते हैं। हर पड़ाव पर गांव 2 से 3 महीने बिताता है। इस तरह पूरा गांव साल भर पूर्वनिर्धारित घाटियों में समय बिताता है। घर के हर सदस्य को काम में हाथ जुटाना पड़ता है। पशुओं को सुबह पहाड़ों में ले जाना और शाम होते होते लौटना दिन का सब से बड़ा काम है। सर्दीयों के लिए गोबर चुगने का काम भी साल भर करना पड़ता है। ये सब और इसके अलावा सभी घरेलू काम परिवार के महिलाएं और पुरुष मिलकर करते हैं। एक घाटी से दूसरी घाटी जाने के निणन्य गांव के मुखिया - जिसे गोबा कहते हैं - द्वार किया जाता है। हर गांव अपना गोबा एक से तीन साल की अवधि के लिए नियुक्त कर्ता है। गोबा की जिम्मेदारी हर परिवार को निभानी पड़ती है। गोबा का काम मुश्किल है और इसे निशुल्क सेवा के तौर पर किया जाता है। याद रहे कि गोबा, पंचायत प्रधान से अलग है और ये रिवाज चांगपा समाज में कई सदियों से पाला जा रहा है। गांव के बड़े फैसलो में गोबा गांव के लोगों की राय लेते हैं। चांगपा समुदायों के लिए उनके जानवर सबसे महत्वपूर्ण हैं। इनमें याक, घोड़े, गधे और भेड़-बकरियां शामिल हैं। और रही बात पश्मीन की, तो वो इन्हीं बकरियों के बाल से बनता है। चांगथांग में पाली जाने वाली बकरियां सदिन्यां में खास किसम के बाल उगते हैं जिससे वो अत्यधिक ठंड बर्दाश्त कर पाती हैं। हर साल गमिन्यों में बकरियों के बाल झड़ने लगते हैं जिन्हें चांगपा कंघी करके निकाल लेते हैं। हर साल जून-जुलाई के महीनों में चंपगा पश्मीना के बाल निकालने के काम में व्यस्त हो जाते हैं। इस चारागाही समुदाय के लिए ये साल का सब से महत्वपूर्ण फसल है। इन बालों को व्यापारी 3,000 रुपये प्रति किलो के दाम से खरीद लेते हैं। इन्ही बालों को साफ़ करके पश्मीना धागे बनने तक इनकी कीमत 16,000 रुपये प्रति किलो तक पहुंच जाती है। पश्मीना धागों से शाल बुनाई करने का हुनर कश्मीर घाटी में सदियों से रहा है। चांगथांग और कश्मीर का ये नाता कम से कम 400 साल पुराना है। अधिकार लोग पश्मीना को कश्मीर के साथ जोड़ते हैं पर चांगथांग के बारे में कम लोगों को पता है। भारत के कई जनजाति समुदायों की तरह चांगपा ज़मीन से जुड़े हैं और पूरी तरह प्रकृति पर निर्भर हैं। चांगपा समाज का सारा संगठन उन्हें मुश्किल हालात से संघर्ष करने में मददगार रहा है। पश्मीना इन्हीं समुदायों के मंथन से बनता है। पश्मीना सिर्फ एक धागा नहीं बल्कि हजारों साल से चली आ रही एक जीवंत संस्कृति है जिसे चांगथांग के लोग आज भी जी रहे हैं।

# शेख हसीना को चरम भ्रष्टाचार और विकराल बेरोजगारी पर पाना होगा काबू तभी दे पाएंगी नया संदेश

जब भी बांग्लादेश में कोई आंदोलन होता है, तो बीएनपी, जमात-ए इस्लामी एवं अन्य कट्टरपंथी समूह उसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। प्रधानमंत्री शेख हसीना को चरम भ्रष्टाचार और विकराल बेरोजगारी पर काबू पाना होगा, ताकि इनकी आड़ में कट्टरपंथी ताकतें अपने मंसूबों में कामयाब न हो सकें।जब भी बांग्लादेश में कोई आंदोलन होता है, तो बीएनपी, जमात-ए इस्लामी एवं अन्य कट्टरपंथी समूह उसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। प्रधानमंत्री शेख हसीना को चरम भ्रष्टाचार और विकराल बेरोजगारी पर काबू पाना होगा, ताकि इनकी आड़ में कट्टरपंथी ताकतें अपने मंसूबों में कामयाब न हो सकें।शीर्ष अदालत ने आरक्षण को पूरी तरह खत्म नहीं किया, बल्कि निचली अदालत के उस फैसले को रद्द किया है, जिससे बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया था। शीर्ष अदालत के इस फैसले ने शेख हसीना सरकार और आंदोलनकारी छात्रों, दोनों की प्रतिष्ठा बचाई है। लेकिन काफी कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि हसीना सरकार, जो विरोध प्रदर्शन की गंभीरता का आकलन करने में पूरी





तरह विफल रही, बाद के हालात से कैसे निपटती है। यह एक लंबी प्रक्रिया की केवल शुरुआत है, जबकि सभी स्तरों पर भ्रष्टाचार और युवाओं में बेरोजगारी जैसे गहरे कारण अब भी बने हुए हैं। हसीना के इस बयान ने भी आंदोलन को हवा दी कि 'अगर स्वतंत्रता सेनानियों को नहीं, तो क्या रजाकारों के लिए आरक्षण होना चाहिए।' उनका यह बयान इस्लामवादियों के खिलाफ उनके राजनीतिक हमले का एक हिस्सा था, जो अंदर और बाहर से उन्हें चुनौती देते रहते हैं। 'रजाकार' उन समूहों को कहा जाता है, जिनका इस्तेमाल पाकिस्तानी अधिकारियों ने 1971 में बांग्लादेश के हितों के खिलाफ किया था। इसने आंदोलनकारियों को भड़का दिया, जो किसी भी राजनीतिक दल के साथ संबद्धता से इन्कार करते हैं। लेकिन बांग्लादेश में इस्लामी कट्टरपंथियों के आंदोलन का एक लंबा इतिहास?है, जिन्हें कथित रूप से बाहर से बढ़ावा मिलता है, जो किसी भी विरोध प्रदर्शन को हथिया लेते हैं और मौजूदा प्रदर्शन इसका अपवाद नहीं है। आंदोलनकारी छात्र आरक्षण की इस व्यवस्था को भेदभावपूर्ण मानते हैं और योग्यता के आधार पर भर्ती की मांग करते हैं। आजादी के बाद से यह बांग्लादेश का सबसे खराब संकट है, जिसमें अनुमानतः 100 से 130 लोगों की मौतें हुई हैं (आलोचकों का दावा है कि वास्तविक संख्या इससे अधिक है)। आंदोलन कई हफ्तों तक चला। इस आंदोलन में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया, जमात-ए इस्लामी एवं अन्य सामाजिक रूप से शक्तिशाली इस्लामी कट्टरपंथी समूहों की भूमिका देखी जा सकती है। पंद्रह साल से अधिक समय से लगातार सत्ता में काबिज हसीना, दुनिया की सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली महिला नेता हैं, जो वस्तुतः एकतरफा शासन करती हैं और उन पर तानाशाही के आरोप हैं। उन्हें बढ़ते मध्यम वर्ग से भी निपटना है, जो उनकी सरकार की आर्थिक प्रगति से मजबूत हुआ है, जो महत्वाकांक्षी है और नौकरी व बेहतर जीवन चाहता है। मुक्ति आंदोलन बांग्लादेशियों की भावनात्मक जीवन रेखा है, लेकिन आबादी के एक बड़े वर्ग ने उसमें भाग नहीं लिया था। इसी वर्ग की तीसरी पीढ़ी स्वतंत्रता सेनानियों एवं उनकी तीसरी-चौथी पीढ.ियों को मिलने वाले आरक्षण को गैर-जरूरी मानती है, और अपनी कीमत पर कुछ लोगों को विशेषाधिकार दिए जाने से नाराज है। 17 करोड़ की आबादी वाले इस दक्षिण एशियाई राष्ट्र में आंदोलन कोई नई बात नहीं है, पिछले हफ्ते के प्रदर्शन जितने तीव्र थे, वैसे आज तक नहीं देखे गए। हालांकि 2009 में शेख हसीना के सत्ता में लौटने के बाद से बांग्लादेश तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, लेकिन अन्य विकासशील देशों की तरह इसने पर्याप्त नौकरियां पैदा नहीं की है। यह कोविड-19 महामारी के कारण मंदी से जूझ रहा था, जब यूक्रेन युद्ध के कारण तेल की कीमतों में भारी वृद्धि हुई। एक अनुमान के मुताबिक, 1.8 करोड़ बांग्लादेशी युवा रोजगार की तलाश में हैं।

# रक्षा क्षेत्र को करीब 6.22 लाख करोड़ रुपये का हुआ आवंटन

संजय मिश्र, नई दिल्ली। केंद्रीय बजट 2024-25 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रक्षा मंत्रालय को करीब 6.22 लाख करोड़ रुपये का बजटीय आवंटन किया है जो अन्य सभी मंत्रालयों की तुलना में सबसे अधिक है। रक्षा बजट का बड़ा हिस्सा जहां वेतन-पेंशन पर खर्च होगा वहीं पूंजीगत खर्च के लिए करीब 172000 करोड़ रुपये का आवंटन निर्धारित हुआ है। इसमें से 105518 करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वदेशी रक्षा कंपनियों से रक्षा उत्पादों की खरीद पर खर्च की जाएगी रक्षा मंत्रालय के अनुसार, पूंजीगत खर्च में इस विशेष कोटे का उद्देश्य देश में रक्षा उद्योग को बढ़ावा देना है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा बजट आवंटन में बढ़ोतरी पर खुशी जाहिर करते हुए कहा भी कि पूंजीगत व्यय तीनों सैन्य बलों की क्षमताओं को और मजबूत करेगा तथा रक्षा क्षेत्र में 'आत्म निर्भर भारत' को और गति मिलेगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रक्षा मंत्रालय को करीब 6.22 लाख करोड़ रुपये का बजटीय आवंटन किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने करीब डेढ़ घंटे के भाषण के दौरान रक्षा बजट के बारे में एक शब्द भी नहीं बोला। वहीं सीमा सड़क संगठन को 6500 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं जबकि डीआरडीओ को 23855 करोड़ रुपये का बजट आवंटन दिया गया है वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने करीब डेढ़ घंटे के भाषण के दौरान रक्षा बजट के बारे में एक शब्द भी नहीं बोला। हालांकि, बजटीय आवंटन के ब्यौरे में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए रक्षा मंत्रालय के आवंटन की जानकारियां दी गईं। पूर्ण बजट में चालू वित्तीय वर्ष के लिए रक्षा मंत्रालय को कुल 6,21,940.85 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं जो कुल बजटीय अनुमान का लगभग 12.90 प्रतिशत है वित्त वर्ष 2022-23 के आवंटन की तुलना में यह लगभग एक लाख करोड़ रुपये अधिक है और पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में 4.79 प्रतिशत अधिक है। रक्षा बजट के कुल आवंटन में 27.66 प्रतिशत पूंजीगत खर्च, जीविका और सैन्य परिचालन तैयारियों पर व्यय के लिए 14.82 प्रतिशत, वेतन-भत्ते के लिए 30.66 प्रतिशत, पेंशन 22.70 प्रतिशत तथा रक्षा मंत्रालय के तहत नागरिक संगठनों के लिए 4.17 प्रतिशत का आवंटन किया गया है रक्षा पेंशन के लिए कुल आवंटन 1,41,205 करोड़ रुपये है जो लगभग 32 लाख पेंशनभोगियों को मासिक पेंशन पर खर्च किया जाएगा। हालांकि सामरिक विशेषज्ञ रक्षा क्षेत्र के बजटीय आवंटन को अपर्याप्त मानते हुए आशंका जता रहे कि इसका सेनाओं के आधुनिकीकरण से लेकर विशिष्ट हथियारों-उपकरणों की खरीद पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। रक्षा विशेषज्ञ पूर्व मेजर जनरल जेकेएस परिहार ने कहा कि वित्त मंत्री के संबोधन में रक्षा शब्द का जिक्र तक नहीं होना दर्शाता है कि उनकी प्राथमिकता सूची में यह कहां है। उन्होंने कहा कि भारत की सेनाएं दोहरे मोर्चे की जटिल चुनौतियों का सामना कर रही हैं। इस लिए सैन्य आधुनिकीकरण तथा विशिष्ट रक्षा उपकरण-हथियारों के अधिग्रहण को गति देना जरूरी है। ऐसे में रक्षा बजट में आठ फीसद से कम का आवंटन निगेटिव माना जाएगा क्योंकि मुद्रास्फीति फैक्टर से निपटने के लिए यह न्यूनतम बेंचमार्क अपरिहार्य है। परिहार ने कहा कि पांच फीसद से भी कम बढ़ोतरी से साफ है कि रक्षा क्षेत्र फिलहाल सरकार की प्राथमिकता में नहीं है और बजट में इसका किसी रूप में उल्लेख न होने इसका प्रमाण है। हालांकि, रक्षा मंत्रालय बजट से प्रसनन्न नजर आया और उसके अनुसार बजट आवंटन में पूंजीगत व्यय की राशि से सैन्य बलों के आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित किया जा सकेगा। 1.72 लाख करोड़ रुपये का पूंजीगत आवंटन वर्ष 2023-24 के संशोधित आवंटन से 9.40 प्रतिशत अधिक है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इस आवंटन का मकसद चालू और अगले वित्त वर्ष में बड़े रक्षा खरीद के जरिए महत्वपूर्ण क्षमता निर्माण गैप को भरा जाएगा। साथ ही सशस्त्र सेनाओं को अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी, घातक हथियारों, लड़ाकू विमानों, पोतों, पनडुब्बियों, प्लेटफार्मों, मानव रहित हवाई वाहनों, ड्रोनों, विशेषज्ञ वाहनों आदि से लैस करने पर भी यह राशि खर्च होगी। वहीं सेनाओं की परिचालन तत्परता के लिए अधिक आवंटन का मकसद सैन्य बलों को हर समय युद्ध के लिए तैयार रखना है। इसलिए इस मद में चालू वित्त वर्ष के दौरान रक्षा बजट में से 92,088 करोड़ रुपये इसके लिए आवंटित किए गए हैं जो दो साल पूर्व की तुलना में 48 प्रतिशत अधिक है। इसका उद्देश्य विमान और जहाजों सहित सभी प्लेटफार्मों को सर्वोत्तम रखरखाव सुविधाएं और समर्थन प्रणाली को सुदृढ़ करना है। गोला-बारूद की खरीद की सुविधा के साथ सुरक्षा स्थिति की मांग के अनुसार संसाधनों और सैन्य कमिन्यों की गतिशीलता में भी इस आवंटन से मदद मिलेगी और किसी भी अप्रत्याशित स्थिति के लिए अग्रिम क्षेत्रों में सेना की तैनाती को मजबूत करना इसका लक्ष्य है। सीमावर्ती क्षेत्रों में अंतिम मील कनेक्टिविटी प्रदान करने के साथ-साथ रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण परियोजनाओं को पूरा करने में शामिल एजेंसियों को बजट आवंटित करने में प्राथमिकता में रखा गया है। इसके तहत पूंजी व्यय के लिए सीमा सड़क संगठन (ध) को 6,500 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों में रणनीतिक बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देंने के साथ लद्दाख में 13,700 फीट की ऊंचाई पर न्योमा एयरफील्ड के विकास, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में भारत की दक्षिणी पंचायत के लिए स्थायी पुल कनेक्टिविटी, हिमाचल प्रदेश में 4.1 किलोमीटर रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण शिंकू ला सुरंग, अरुणाचल प्रदेश में नेचिफू सुरंग और कई अन्य परियोजनाओं को भी इस आवंटन का फायदा मिलेगा। वहीं, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन यानि डीआरडीओ को 23,855 करोड़ रुपये का बजट आवंटन दिया गया है।



# स्पोर्ट्स



## राइली रूसो के तूफानी शतक के दम पर जाफना किंग्स बना चैंपियन, रिकॉर्ड चौथी बार खिताब पर जमाया कब्जा


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** राइली रूसो के नाबाद 106 रनों की मदद से जाफना किंग्स ने लंका प्रीमियर लीग 2024 के फाइनल नाबाद शतक (106) जड़ा और कुसल मेंडिस ने 72 रन बनाए। इन दोनों के बीच नाबाद 184 रनों की साझेदारी बनी, जिसकी वजह से जाफना किंग्स राजपक्षे ने 34 गेंदों में 82 रन बनाए, जिसमें आठ चौके और छह छक्के शामिल रहे। उनके अलावा कोई भी कुछ खास रन नहीं बना




में जीत हासिल कर ली। गाले मार्वल्स का पहली बार ट्रॉफी जीतने का सपना इस तरह अधूरा रह गया। कोलंबो के आर. प्रेमदास स्टेडियम में खेले गए 2024 के फाइनल मैच में गाले मार्वल्स के खिलाफ जाफना किंग्स ने 9 विकेट से जीत दर्ज की। दरअसल, फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करने पर गाले मार्वल्स ने 184 रन का स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में 185 रन का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज राइली रूसो ने दमदार ने रिकॉर्ड चौथी बार लंका प्रीमियर लीग का खिताब अपने नाम किया। लंका प्रीमियर लीग के इतिहास की सबसे सफल टीम भी जाफना किंग्स बनी। अब तक के कुल 5 सीजन खेले गए, जिसमें से चार सीजन में जाफना किंग्स ने ही खिताब जीता है। फाइनल मैच में गाले मार्वल्स अच्छी शुरुआत नहीं कर पाई, क्योंकि उन्होंने केवल 86 रन पर अपने चार विकेट गंवा दिए थे। टीम की तरफ से भानुका सका। पथुम निसंका के जल्दी आउट होने के बाद, राइली रूसो मैदान पर बल्लेबाजी करने आए और उन्होंने 9 चौकों और 7 छक्कों की मदद से नाबाद 106 रन बनाए। वहीं दूसरी ओर, कुसल मेंडिस भी 40 गेंदों में 8 चौकों और 2 छक्कों की मदद से नाबाद 72 रन बनाकर नाबाद रहे। जाफना ने फाइनल में 9 विकेट से जीत दर्ज करने के लिए सिर्फ 15.4 ओवरों में ही लक्ष्य हासिल कर लिया।

## ट्रेंट ब्रिज में दिखा बेन स्टोक्स का हमशक्ल इंग्लैड के कप्तान का रिएक्शन हो गया वायरल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** नॉर्टिंघम में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को हराकर 2-0 से सीरीज अपने नाम कर ली। तीन टेस्ट मैच की सीरीज गई। बिग स्क्रीन पर उस व्यक्ति को देखने के बाद, पॉल कॉलिंगवुड और स्टोक्स दोनों हंसते-हंसते लोटपोट हो गए। इस घटना को दर्शकों और कमेंटेटरों दोनों ने खूब पसंद



में इंग्लैंड ने दोनों टेस्ट मैच अपने नाम कर लिए हैं। दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन एक अजीब घटना देखने को मिली। इंग्लैंड की दूसरी पारी के दौरान कैमरा ने दर्शक दीर्घा में बैठे एक शख्स पर फोकस किया तो सभी चौंक गए। दरअसल, यह घटना इंग्लैंड की पारी के चौथे दिन के दूसरे सत्र में घटी। कैमरा पर्शन ने दर्शकों की भीड़ में स्टोक्स के हमशक्ल को खोज निकाला। बेन स्टोक्स के हमशक्ल को देख दर्शक चौंक गए। वहीं, ड्रेसिंग रूम में बैठे बेन स्टोक्स भी हैरान रह गए। इतना ही नहीं इंग्लैंड कप्तान की मजेदार प्रतिक्रिया वायरल हो किया।इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज में दूसरे टेस्ट के चौथे दिन अपने हमशक्ल को देखकर मजेदार प्रतिक्रिया दी। यह घटना दिन के दूसरे सत्र में हुई जब इंग्लैंड ने अपनी बढ़त 380 से आगे बढ़ा ली थी। कैमरा पर्सन भीड़ में स्टोक्स के हमशक्ल को खोज निकाला। बड़ी स्क्रीन पर शख्स को देख बेन स्टोक्स हैरान रह गए। फिर एक अजीब सी शक्ल बनाई मैच की बात करें तो इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को 241 रन से शिकस्त दी। इंग्लैंड ने पहली पारी में 416 रन बनाए थे।

## दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को 241 रन से दी मात, सीरीज पर भी जमाया कब्जा; शोएब बशीर ने खोला पंजा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** 3 टेस्ट मैचों की सीरीज के दूसरे मुकाबले में इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज रन पर सिमट गई। ओली पोप ने सबसे ज्यादा 121 रन बनाए। उनके अलावा बेन डकेट और कप्तान बेन है। सीरीज के पहले टेस्ट को इंग्लैंड ने पारी और 114 रन से अपने नाम किया था। सीरीज का आखिरी टेस्ट




को 241 रन से मात दी। इसके साथ ही मेजबान इंग्लैंड ने सीरीज पर भी कब्जा जमा लिया है। लॉर्ड्स में खेले गए सीरीज के पहले टेस्ट को इंग्लैंड ने पारी और 114 रन से अपने नाम किया था। सीरीज का आखिरी टेस्ट 26 से 30 जुलाई के बीच एजबेस्टन, बर्मिंघम में खेला जाएगा। दूसरे टेस्ट में ओली पोप को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया मुकाबले की बात करें तो टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड टीम पहली पारी में 416 स्टोक्स ने अर्धशतक लगाया। जवाब में वेस्टइंडीज टीम ने पहली पारी में सभी 10 विकेट खोकर 457 रन बनाए। केवेम हॉज ने 120 रन ठोके। उनके अलावा जोशुआ दा सिल्वा और एलिक अथानाजे ने 82-82 रन की पारी खेली। इंग्लैंड की ओर से क्रिस बोक्स ने 4 शिकार किए। 3 टेस्ट मैचों की सीरीज के दूसरे मुकाबले में इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को 241 रन से मात दी। इसके साथ ही मेजबान इंग्लैंड ने सीरीज पर भी कब्जा जमा लिया 26 से 30 जुलाई के बीच एजबेस्टन बर्मिंघम में खेला जाएगा जो रूट और हैरी ब्रूक के शतक की बदौलत इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 425 रन बनाए। रूट ने 178 गेंदों पर 122 रन और बरूक ने 132 गेंदों पर 109 रन जड़े। उनके अलावा ओली पोप ने 51 और बेन डकेट ने 76 रन की पारी खेली दूसरी पारी में वेस्टइंडीज टीम 143 रन पर ही सिमट गई। दूसरी पारी में कप्तान क्रैग ब्रैथवेट ने सबसे ज्यादा 47 रन बनाए।

## जैसे को तैसा' की रणनीति अपनाने की हालत में नहीं पाकिस्तान, बीसीसीआई का आईसीसी में दबदबा; पूर्व पीसीबी चीफ का बड़ा बयान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का पाकिस्तान में आयोजन होना है। अगले साल फरवरी-मार्च में होने वाले इस टूर्नामेंट से पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोड मुश्किल स्थिति में है। बीसीसीआई भारतीय टीम को पाकिस्तान भेजने के पक्ष में नहीं है। बीसीसीआई ने आईसीसी से चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को हाइब्रिड मॉडल में कराने की बात कही है। इससे पहले एशिया कप का आयोजन भी हाइब्रिड मॉडल में हुआ था। हालांकि, वह आईसीसी नहीं एशियाई क्रिकेट परिषद का इवेंट था।पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पहले ही अपना मसौदा कार्यक्रम को सौंप दिया है, जिसमें पाकिस्तान में भारत के मैच भी शामिल हैं। उनके प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार भारत को अपने सभी मैच लाहौर में खेलने हैं। भारत बनाम पाकिस्तान मैच 1 मार्च को निर्धारित किया गया है। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की शुरुआत 19 फरवरी को कराची में होगी, जबकि फाइनल 9 मार्च को लाहौर में खेला जाएगा। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का पाकिस्तान में आयोजन होना है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पहले ही अपना मसौदा कार्यक्रम को सौंप दिया है। उनके प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार भारत को अपने सभी मैच लाहौर में खेलने हैं। पूर्व प्रमुख खालिद महमूद ने कहा कि सबसे अमीर बोर्ड होने के नाते का बहुत प्रभाव है। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत के पाकिस्तान जाने की संभावना बहुत कम है पूर्व प्रमुख खालिद महमूद ने कहा कि सबसे अमीर बोर्ड होने के नाते का बहुत प्रभाव है और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत के पाकिस्तान जाने की संभावना बहुत कम है। क्रिकेट पाकिस्तान से बातचीत में उन्होंने कहा, इस बात की बहुत कम संभावना है कि वे पाकिस्तान में खेलने के लिए सहमत होंगे। भारत सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड है और इसका काफी दबदबा है। अगर वे पाकिस्तान में अपनी टीम नहीं भेजते हैं तो मुझे लगता है कि श्रीलंका, अफगानिस्तान और बांग्लादेश जैसे देश भी उनके रास्ते पर चलते हुए इसमें शामिल हो जाएंगे।उन्होंने कहा कि अगर चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत को नहीं भेजने का फैसला करता है तो यह पाकिस्तान के लिए अच्छा नहीं होगा अगर वे जैसे को तैसा की रणनीति अपनाने का फैसला करते हैं। उन्होंने कहा, देखिए, इस स्तर पर बात यह है कि आप




केवल पैरवी कर सकते हैं और अन्य बोर्डों को अपने पक्ष में करने के लिए मनाने की कोशिश कर सकते हैं। भारत का आईसीसी में बहुत अधिक दबदबा है, ऐसे में जैसे को तैसा की रणनीति अपनाना पाकिस्तान के लिए अच्छा नहीं होगा। बात जब बीसीसीआई कहता है कि वह अपनी टीम नहीं भेज सकता है और अपने मैच पाकिस्तान के बाहर खेलेगा, तो यह पाकिस्तान के लिए आईसीसी कार्यक्रम की मेजबानी करने के उद्देश्य को कम कर देता है।

## 147 साल में पहली बार इंग्लैंड ने टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में हासिल की बड़ी उपलब्धि, बनाया शानदार रिकॉर्ड

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** इंग्लैंड टीम आखिरकार अपने 147 साल के इतिहास में पहली बार टेस्ट क्रिकेट में ऐतिहासिक रिकॉर्ड तोड़ने में कामयाब रही है। नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज में दूसरे टेस्ट मैच इंग्लैंड ने अपनी दोनों पारियों में 400 से ज्यादा रन बनाए। इससे पहले इंग्लैंड कभी टेस्ट क्रिकेट की दोनों पारियों में 400 का आंकड़ा नहीं छू पाई है। गौरतलह हो कि मेजबान टीम ने बल्ले से अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और दोनों पारियों में विशाल स्कोर बनाया। ओली पोप के शतक की बदौलत इंग्लैंड ने पहली पारी में 416 रन बनाए, जबकि हैरी ब्रूक और जो रूट के शतकों की बदौलत मेजबान टीम ने दूसरी पारी में 425 रन का आंकड़ा छुआ। वेस्टइंडीज ने भी पहली पारी में 400 का आंकड़ा पार किया। टेस्ट क्रिकेट में यह पहली बार हुआ कि तीन पारियों में 400 से ज्यादा रन बने।इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। इंग्लैंड ने अपने 147 साल के टेस्ट क्रिकेट इतिहास में पहली बार दोनों पारियों में 400 से ज्यादा का आंकड़ा पार किया। वहीं यह टेस्ट क्रिकेट इतिहास में यह पहली बार हुआ कि तीन पारियों में 400 से ज्यादा रन बने। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 425 रन बनाए। रूट और हैरी ब्रूक ने शतक जड़ा। वहीं, यह पहला मौका है जब इंग्लैंड ने टेस्ट मैच की दोनों पारियों में 400 से ज्यादा रन बनाए हैं। इंग्लैंड 1877 से टेस्ट क्रिकेट खेल रहा है। उनका पहला टेस्ट मैच मार्च 1877 में मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुआ था। तब से अब तक इंग्लैंड ने 1073 टेस्ट मैच खेले हैं, लेकिन वे कभी भी टेस्ट मैच की दोनों पारियों में 400 से ज्यादा रन नहीं बना पाए थे। इसके अलावा, यह 12वीं बार है जब किसी टीम ने टेस्ट मैच की दोनों पारियों में 400 रन का आंकड़ा पार किया है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट ने दूसरे टेस्ट के चौथे दिन 32वां टेस्ट शतक जड़ा।




## पाकिस्तान ने नेपाल को 9 विकेट से हराया, जिंदा रखी सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** गेंदबाजों के बाद गुल फिरोजा और मुनीबा की उम्दा बल्लेबाज के दम पर पाकिस्तान ने महिला खोल पाई। रुबीना छेत्री ने 25 रन का योगदान दिया। आखिरी में कविता जोशी ने 23 गेंद पर नाबाद 31 रन की पारी खेलकर टीम का स्कोर 100




एशिया कप 2024 में अपनी पहली जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए नेपला महिला टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 108 रन बनाए थे। इस आसान से लक्ष्य को पाकिस्तान ने 11.5 ओवर में 1 विकेट खोकर हासिल कर लिया। पाकिस्तान की कप्तान निदा डार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। नेपाल की शुरुआत बेहद खराब रही। महज चार के स्कोर पर समझाना खडके का विकेट खो दिया। टीम का स्कोर अभी 30 रन ही पहुंचा था कि कविता कुंवर भी पवेलियन लौट गईं। सीता राणा मगर अच्छा लय में दिख रही थीं लेकिन 26 के निजी स्कोर पर रन आउट हो गईं।कप्तान इंदू बर्मा अपना खाता नहीं के पार पहुंचाया। नेपाल की तीन बल्लेबाज रन आउट हुईं। पाकिस्तान की तरफ से सदिया इकबाल ने दो विकेट तो फतिमा सना ने एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की सलामी जोड़ी ने जीत नींव रख दी। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 105 रन की साझेदारी हुई। गुल फिरोजा ने 35 गेंद पर 57 रन की पारी खेली। मुनीबा अली अंत तक नाबाद रही और 46 रन बनाकर अपनी टीम को बड़ी जीत दिलाई। नेपाल की तरफ से कविता जोशी एकमात्र गेंदबाज रहीं जिन्हें विकेट मिला। इस बड़ी जीत से पाकिस्तान का नेट रन रेट बेहतर हुआ और सेमीफाइनल में पहुंची की उम्मीदों को भी जिंदा रखा है।

## राशिफल

**मेष-**:स्वास्थ्य संबंधी समस्या निकट है, इसलिए नियमित व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करें और विश्वास करें कि इलाज से पहले सावधानी बरतना बेहतर है

**वृष-**:आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहेगा। आज आपके रचनात्मक कार्यों में नाम होगा और आपको प्रसिद्धि भी मिलेगी। आज आप अपने मन के अनुसार निर्णय लेंगे।

**मिथुन-**:आज का दिन भावनात्मक रहेगा. आप खुद को अपनी अंतरतम भावनाओं और विचारों को व्यक्त करने की स्थिति में भी पा सकते हैं। घरेलू काम थकाने वाले होंगे।

**कर्क-**:जीवनसाथी का प्यारा व्यवहार आपका दिन खुशनुमा बना सकता है. आज अपने ख़र्चों पर नियंत्रण रखें ' से ख़र्च करने से बचें। भावनात्मक रूप से जोखिम उठाना आपके पक्ष में जाएगा।

**सिंह-**:आज आप जिस काम को पूरा करना चाहते हैं वह आसानी से पूरा हो जाएगा. किसी महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ण होने पर बधाई देने के लिए लोगों का आना-जाना रहेगा।

**कन्या-**:आज आप सभी परेशानियों और चिंताओं को पीछे छोड़कर अपने परिवार के साथ कुछ समय बिताना चाहेंगे. आज आपका जाता हुआ दिखाई देगा जिसके बारे में आपने सोचा भी नहीं होगा।

**तुला-**:किसी मित्र की उदासीनता आपको परेशान करेगी. लेकिन अपने आप को शांत रखें। इसे समस्या न बनने दें और इससे बचने की कोशिश करें।

**वृश्चिक-**:आज भाग्य आपका पूरा साथ देगा। जिन चीजों के लिए आप लंबे समय से प्रयास कर रहे थे, आज वो पूरी होने वाली हैं। जो प्रयास आपने अपनी ओर से व्यर्थ समझे थे।

**धनु-**:आज भौतिक सुख-सुविधाओं की ओर रुझान बढ़ेगा. जीवनसाथी के साथ वैचारिक मतभेद रहेंगे। आत्मबल में वृद्धि होगी। पारिवारिक समस्याओं से आज विचलित हो सकता है।

**मकर-**:खुद पर हद से ज्यादा दबाव न डालें और पर्याप्त आराम करें. रियल एस्टेट से जुड़े निवेश आपको अच्छा मुनाफा देंगे। आपका अडियल रवैया घर में लोगों का दिल दुखा सकता है।

**कुंभ-**:आज आपका झुकाव अध्यात्म की ओर रहेगा, मंदिर जाने या कोई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बना सकते हैं. आज आपको खुशी पाने के लिए अपने स्वभाव में थोड़ा लाने की जरूरत है।

**मीन-**:आज आपको कार्यक्षेत्र में सुख-समृद्धि की प्राप्ति होगी. परिवार और जीवन साथी का सहयोग मिलने की संभावना है। हालांकि छात्रों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़




## बैटिंग और बॉलिंग की मददगार रहती है पल्लेकेले की पिच, टॉस निभाएगा अहम रोल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** श्रीलंका दौरे पर गई भारतीय टीम 27 जुलाई से अपने अभियान की शुरुआत करेगी। नई गेंद से गेंदबाजों को अच्छी मदद मिलती है। हालांकि, जैसे ही गेंद पुरानी होने लगती है यहां शॉट खेलना आसान हो जाता है। मैच बढ़ने के



पल्लेकेले में पहला टी20घ् मैच खेला जाएगा। सूर्यकुमार यादव की अगुआई में भारतीय टीम अपना दबदबा कायम रखने उतरेगी। इस सीरीज से भारतीय क्रिकेट में हेड कोच गौतम गंभीर युग की शुरुआत होगी भारत और श्रीलंका के बीच टी20 में हेड टू हेड के आंकड़ों पर नजर डालें तो भारतीय टीम का पलड़ा भारी है। दोनों टीमों के बीच अब तक 29 मुकाबले खेले गए हैं। इस दौरान भारतीय टीम ने 19 मैच जीते हैं। इसके अलावा टीम को 9 मैच में हार का सामना भी करना पड़ा है। दोनों टीमों के बीच 1 मैच बेनतीजा भी रहा है।जहां तक पल्लेकेले की पिच की बात है तो यहां की पिच बल्लेबजों और गेंदबाजों के लिए मददगार रही है। इस मैदान पर साथ पिच बल्लेबाजों के पक्ष में चली जाती है। खास तौर से शाम के मैच में दूसरी पारी में बैटिंग करना काफी आसान हो जाता है। यही कारण है कि इस पिच पर बैटिंग और बॉलिंग दोनों में खिलाडि़यों को मदद मिलती है। वहीं, बात करें टॉस की तो इस मैदान पर टॉस जीतने वाली टीम की पहले गेंदबाजी करना पसंद करती है सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, रिंकू सिंह, रियान पराग, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिशनेई , अर्शदीप सिंह, खलील अहमद, मोहम्मद सिराज।

## वॉशिंगटन सुंदर को मिलेगी नई जिम्मेदारी, पंत का कटेगा पत्ता

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
नई दिल्ली। 3 टी20 मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले मे शनिवार को भारतीय टीम का सामना श्रीलंका से होगा। यह मैच पल्लेकेले इंटरनेशनल




क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। दोनों ही टीमों की कोशिश इस मुकाबले को अपने नाम कर जीत के साथ सीरीज का आगाज करने पर होगी। हाल ही में गौतम गंभीर को भारतीय टीम का हेड कोच नियुक्त किया गया था। इसके अलावा सूर्यकुमार यादव को टी20 का नियमित कप्तान बनाया गया था। ऐसे में इस नए युग में किन प्लेयर्स को प्लेइंग 11 में जगह मिल सकती है, आएइ जानते हैं।भारतीय क्रिकेट टीम इन दिनों श्रीलंका के दौरे पर है। इस दौरान दोनों टीमों के बीच 3 टी20 मैचों की सीरीज खेली जारी है। टी20 सीरीज का 27 जुलाई से आगाज होगा। दोनों ही टीमों की कोशिश इस मुकाबले को अपने नाम कर जीत के साथ सीरीज का आगाज करने पर होगी। आइए जानते हैं पहले टी20 में दोनों टीमों की प्लेइंग 11 क?या होगी। यशस्वी जायसवाल और उपकप्तान शुभमन गिल पारी का आगाज कर सकते हैं। भारतीय स्क्वॉड में ऋषभ पंत और संजू सैमसन के रूप में 2 विकेटकीपर हैं। ऐसे में देखना होगा कि गंभीर किस पर भरोसा जताते हैं। ज्यादा संभावना है कि टीम मैनेजमेंट पंत के साथ आगे बढ़ सकता है 4 नंबर पर कप्तान सूर्यकुमार यादव बल्लेबाजी करते नजर आ सकते हैं। नंबर 5 पर तूफानी बल्लेबाज रिंकू सिंह जगह बना सकते हैं। अगर रिंकू को मौका मिलता है तो शिवम दुबे को बाहर बैठना पड़ सकता है।नंबर 6 पर ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या खेलते नजर आ सकते हैं।

